वर्ष : 06 अंक : 291

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

शनिवार, 27 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658


# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन




Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net


## एक नजर

### मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**बारामूला।** बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

### संदिग्ध बस को पुलिस ने अयोध्या में पकड़ा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवकाली के पास पुलिस ने समुदाय विशेष के 93 बच्चों और मौलवी को लेकर जा रही संदिग्ध बस को पकड़ लिया है। अयोध्या थाने की पुलिस के मुताबिक इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह बस बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर के देवबंद स्थित किसी मदरसे में जा रही थी। फिलहाल इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम बस के चालक-परिचालक और मौलवी से पूछताछ कर रहे हैं। सभी बच्चों को पुलिस लाइन ले जाया गया है। इस मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### संदेशखाली में बरामद बमों को एनएसजी की टीम ने किया डिफ्यूज

**कोलकाता।** संदेशखाली इलाके में सीबीआई ने शाहजहां के करीबी के घर से बड़ी मात्रा में विदेशी बंदूकों के साथ गोली-बारूद बरामद किया है। इन बमों को डिफ्यूज करने के लिए एनएसजी की टीम मौके पर पहुंच कर बमों को डिफ्यूज। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड की रोबोट टीम घर के अंदर से बम का बैग बाहर लेकर आई है, जिसे डिफ्यूज किया गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। केंद्रीय एजेंसी के एक सूत्र ने बताया है कि इतनी भारी मात्रा में हथियार मिले हैं कि इससे पूरे इलाके में अशांति फैलाई जा सकती थी। घटनास्थल पर पुलिस की टीम भी मौजूद है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फारबिसगंज में जनसभा को किया संबोधित

# देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का : पीएम

एजेंसी

**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के हक की बात कही थी। जिसका वीडियो अभी भी है। जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है। गरीब मजदूरों, किसानों, छात्र, युवा और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति, जमीन, यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि

### कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है

### संपत्ति, जमीन छीनने की कवायद में है कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे बेटियों को नहीं दे पायेंगे। कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाले हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।


इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन की शुरूआत स्थानीय भाषा में कहा कि अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी से की। जिस पर मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं। आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है।

### इंडी गठबंधन को न तो देश की न तो लोकतंत्र की है चिंता

इंडी गठबंधन को न तो देश के संविधान का परवाह है और न लोकतंत्र का। वर्षों तक बैलट पेपर के बहाने गरीब मजलूमों के मतदान का अधिकार छीनने का काम किया जाता था।कांगरे से शासनकाल में बूथ लूट और बैलट पेपर लूटा जाता था। गरीबों को मतदान करने में दिया जाता था। फलस्वरूप दबंगों के डर से गरीब अपने घरों में दुबके रहते थे। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने ईवीएम को लेकर देश जनता के मन में भी भ्रम पैदा करने की कोशिश की।लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटी लूटने वालों को गहरा झटका दिया है।सारे सपने चकनाचूर कर दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि बैलट पेपर वाला पुराना दौर वापस नहीं आयेगा।उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की विश्व तारीफ कर रही है। लेकिन बदनियत से निजी स्वार्थ के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता बदनाम करने की कोशिश की।

## बिहार में आग का तांडव

# दरभंगा में आग से एक ही परिवार के छः लोगों की मौत



एजेंसी

**पटना।** बिहार में आग का तांडव जारी है। दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंटोर गांव में एक शादी समारोह में सिलेंडर व डीजल के स्टॉक में हुए विस्फोट की वजह से एक ही परिवार के 06 लोगो की मौत हो गई।

### साथ ही तीन मवेशियों की भी जान चली गई

पुलिस के मुताबिक दरभंगा जिले के अंटोर गांव में गुरुवार मध्य रात्रि में रामचंद्र पासवान के घर में रखे डीजल स्टॉक में सिलेंडर विस्फोट के बाद लगी आग में उनके परिवार के छः लोगों की मौत हो गई। साथ ही तीन मवेशियों की भी जान चली गई। शादी समारोह के लिए बनाए शामियाने में आग लग गयी और उसकी चपेट में आधा दर्जन से अधिक लोग आ गए। घटना अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव की है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने शुक्रवार को बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी स्तर पर पीड़ित परिवार को सभी प्रकार की मदद की जा रही है। इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। आग की चपेट में आने से तीन मवेशियों की भी मौत हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी से जुड़ी सभी याचिकाएं की खारिज

# बैलेट पेपर की मांग भी ठुकराई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गये वोट का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ पूर्ण सत्यापन कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है।

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ



एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

### ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

**नई दिल्ली।** ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। पूनावाला ने कहा कि इंडी गठबंधन की मानसिकता आज उजागर हो गई है, जो पंजाब और तेलंगाना में जीतने पर ईवीएम और ईसीआई का जश्न मनाते हैं लेकिन जब वे चुनाव हारने वाले होते हैं तो उस समय वे संस्थानों पर सवाल उठाना शुरू कर देते हैं। यह उनकी मानसिकता को दशार्ता है। जो लोग संविधान और बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान कर रहे थे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए और भारत के बारे में अफवाह फैलाना बंद करना चाहिए।

### वीवीपैट पर याचिका में कांग्रेस से संबंध नहीं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को वीवीपैट पर सुप्रीम निर्णय पर सीधे कोई टिप्पणी नहीं की है। पार्टी ने इस बात से भी किनारा किया है कि इसपर याचिका से उसका कोई लेना-देना था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इस याचिका की हिस्सा नहीं थी। हालांकि पार्टी वीवीपैट से मतगणना पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, उसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोटों की गिनती को सही ठहराते हुए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से 100 प्रतिशत सत्यापन की मांग वाली खारिज कर दी गई।

# लोस चुनाव: दूसरे चरण में 61 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन



राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है।

केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है।

# न्यू यॉर्क शहर के ऊपर दिखी रहस्यमयी उड़न तश्तरी!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एक एयरलाइन यात्री द्वारा न्यूयॉर्क के ऊपर रहस्मयी फ्लाइंग ऑबजेक्ट को उड़ते हुए देखने का दावा किया है। जिसके बाद इस बात की चर्चा तेज हो गई कि ये एक यूएफओ हो सकता है। मिशेल रेयेस नामक महिला द्वारा रहस्यमय वस्तु को दुनिया के ध्यान में लाने के बाद संघीय विमानन अधिकारी अब तथ्य-खोज मिशन पर निकल पड़े हैं। रेयेस 25 मार्च को लागार्डिया हवाई अड्डे के ऊपर एक डोमेस्टिक एयरलाइन की उड़ान पर थी, जब उसने अपने विमान की खिड़की से एक अजीबोगरीब चीज तेज गति से शहर के ऊपर उड़ते हुए पाया और एक वीडियो फुटेज कैप्चर किया। उन्होंने

### अब तथ्य-खोज मिशन पर निकल पड़े हैंसंघीय विमानन के अधिकारी



स्थानीय मीडिया को बताया, पहला काम जो मैंने किया वह एफएए को ईमेल करना था ताकि उन्हें पता चल सके कि मैंने क्या देखा। उन्होंने आगे कहा कि हो सकता है कि यह एक सुरक्षा खतरा हो। लेकिन दुर्भाग्य से मुझे उनसे कोई रिप्लाई नहीं मिला। उन्होंने मेरे ईमेल को स्वीकार नहीं किया।

## कर्नाटक में बोले राहुल गांधी

# पीएम डरे हुए हैं मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं

एजेंसी

**विजयपुरा ।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं। गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को मंगलसूत्र, संपदा पुनर्वितरणऔर विरासत कर जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, मोदी ने केवल गरीब जनता का पैसा लूटा है। उन्होंने कुछ लोगों को ही अरबपति बनाया है। देश में करीब 22 लोग हैं जिनकी संपदा देश के 70 करोड़ लोगों की संपत्ति के समान है।



### मोदी ने भारत के युवाओं से सेना की नौकरियां छीन लीं

मौजूदा हालात में दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों, अल्पसंख्यकों और सामान्य श्रेणी के निर्धन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आपको केवल एक वाक्य में अपनी बात साफ कर दूंगा। मोदी ने इन अरबपतियों को जो संपदा दी है, वो पैसा हम देश की गरीब जनता को देने जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने युवाओं से वादा किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को समाप्त कर देगी। गांधी ने कहा, नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं से सेना की नौकरियां छीन लीं। वह अग्निवीर योजना लाए, जो भारतीय सेना और सैनिकों का अपमान है। हम इसे समाप्त करेंगे। कांग्रेस सांसद ने मोदी पर त्रुटिपूर्ण जीएसटी प्रणाली लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोकसभा चुनाव सामान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, ये वैसे चुनाव नहीं हैं जैसे पहले होते थे। क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी और एक व्यक्ति संविधान और लोकतंत्र को तबाह करना चाहते हैं।

## हस्ताक्षर

## एससीओ बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

# बैठक में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का समर्थन

### एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। एजेंसी

रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य

### एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता



पहलों के अलावा एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विचार को विकसित करने पर सहमति जताई, जो वसुधैव कुटुंबकम के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है।

बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के दबाव पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए दृढ़ है। अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के सागर- 'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रियों के साथ पौधरोपण समारोह में शामिल हुए, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एक साझा बयान में भारत के वसुधैव कुटुंबकम के प्राचीन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के विकास सहित प्रमुख समझौतों पर प्रकाश डाला गया।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सल प्रभावित जिलों में अभियान चलाने के निर्देश



**रांची।** पुलिस मुख्यालय शुक्रवार आईजी अभियान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सभी जिलों में विधि-व्यवस्था संधारण, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादी के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में नक्सल प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। जिससे कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम न दे सके साथ ही अन्तरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी अभियान ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने, विशेष निगरानी रखने को कहा का निर्देश जिले के एसपी को दिये। उन्होंने एसपी को निर्देश दिया कि वे स्वयं संबंधित चेक पोस्ट का भौतिक रूप से सत्यापन करें ताकि अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा जिलों में लंबित वारंट और कुर्की के निष्पादन पर कार्रवाई करने हेतु विशेष जोर दिया। भगोड़ा अपराधियों पर कार्रवाई करने,सक्रिय अपराधियों और अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### नगर कीर्तन शोभा यात्रा में शामिल हुई यशस्विनी सहाय



**रांची।** सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी तथा नौवें नानक श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व की खुशी में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में आठवां कीर्तन दरबार का कार्यक्रम हुआ।

जिसके उपलक्ष्य में शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे एक विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर किर्तन कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंचा। जहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय रांची लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद तथा शिव बारात आयोजन केंद्रीय आयोजन समिति के अध्यक्ष गुलशन मिढा समेत सभी सदस्यों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होनें नगर किर्तन में शामिल होकर किर्तन गायन किया और लोगों से जीत का आर्शीवाद मांगा।

### भाजपा हमेशा छुपे एजेंडे पर करती है काम: सोनल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर वार करते हुए कहा कि भाजपा इस देश में हमेशा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है। जबकि कांग्रेस अपने एजेंडे को जनता के सामने पुरे रोड मैप के साथ रखती है। आज जब देश भाजपा से सवाल पूछ रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनाव की धारा दूसरी और मोड़कर देश में सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहते हैं। जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा मुसलमान की बात करती है कांग्रेस रोजगार पर सवाल करती है तो मोदी मंगलसूत्र की बात करने लगते हैं कांग्रेस बांड घोटाला की बात करती है तो ये जातिवादी राजनीति की बात करते हैं। भाजपा इस देश में हिंदुओं को मुसलमान से इसाई को सिखों से आदिवासियों को गैर आदिवासियों से लड़ाने की अपनी पुरानी नीति और छुपे एजेंडे पर काम कर रही है। कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया है कि देश की हर जनता को न्याय और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी।

# रांची में जल संकट से बचने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जन जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को जन जागरुकता अभियान चलाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग




आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं।

नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772 आवास हैं। इसमें 52668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे कराकर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिकों को जुमार्ना स्वरूप डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है।रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार-प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पम्फलेट का वितरण कराने के साथ शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर-घर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। रांची नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेंसियों को कार्य आवंटित किया है। एक आवास में रेनवाटर कार्य पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराकर जीवनभर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंए सूख रहे हैं। पौध रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है, जिसका प्रतिफल यह है कि नदी, नहर, तालाब, आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे हैं।

# पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म-12 एवं 12 डी का हुआ आदान-प्रदान

संवाददाता

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतरजिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का शुक्रवार को संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरण किया गया। मुख्य निर्वाचन कार्यालय में बनाए गए एक्सचेंज सेंटर में राज्य के सभी जिलों, निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अपने-अपने जिले में प्राप्त फॉर्म 12 एवं 12 डी को लेकर पहुंचे और संबंधित दूसरे जिलों को फॉर्म को उपलब्ध कराया।

एक्सचेंज के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग



द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। पोस्ट बैलेट से मतदान के लिए प्राप्त फार्म 12 एवं 12 डी का एक्सचेंज फैसिलिटी से सर्विस वोटर एवं एसेंशियल सर्विसेस के मतदाताओं को मत देने में सुविधा होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि फार्म 12 चुनाव ड्यूटी में कार्यरत यानी सर्विस वोटर के लिए है। फॉर्म 12 डी अब्सेंटी वोटर, अब्सेंटी वोटर फिजिकल डिसिबिलिटी, अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन तथा अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विसेस के लिए है, जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। संबंधित मतदाता जो अपना फॉर्म जमा किए हैं, उसे एक्सचेंज फैसिलिटी के तहत एक दूसरे लोकसभा क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतर जिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का स्थानांतरण, निर्गत पोस्ट बैलेट एवं पोस्टल बैलेट के आदान-प्रदान एवं अन्य के संबंध में एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 अप्रैल को भी पोस्टल बैलेट एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही 4 मई, 7 मई, 11 मई, 15 मई 19 मई, 24 मई, 28 मई एवं 31 मई को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराये जाने संबंधी तिथि निर्धारित है।

## चुनाव आयोग ने ऐसी परंम्परा की शुरुआत पहली बार की: सुप्रियो

संवाददाता

**रांची।** भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से दो राष्ट्रीय दलों के स्टार प्रचारकों के नोटिस भेजे जाने पर जेएमएम ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जेएमएम क्रेंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियों भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय हरमू में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ने दो राष्ट्रीय पार्टी को नोटिस भेजा है। दोनो पार्टियों के स्टार प्रचारकों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होनें कहा कि चुनाव आयोग ने ऐसी परंम्परा की शुरुवात पहली बार की है। यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मांग है। चुनाव आयोग को यह साहस नहीं हुआ कि पीएम को नोटिस भेजा जाए। जब चुनाव की प्रक्रिया शुरु होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डूसरा स्पष्टीकरण दिलीप घोष से मांगा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्योद नहीं यह एक बहुत बड़ा सवाल है और ये सवाल साधारण नहीं है। भाजपा की ओर से लगातार हेट स्पीचेज दिये जा रहे हैं। बिहार में गिरीराज सिंह की भाषा पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के कई अन्य नेता गलत भाषण और बयानबाजी करने से



### ईवीएम पर सुप्रीम अदालत का फैसला मान्य

देश की सुप्रीम अदालत में शुक्रवार को ईवीएम से वोटिंग की मान्यता को वैध करार दिये जाने के फैसले को सुप्रियो भट्टाचार्य ने सही माना है। उन्होनें कहा कि ये अंतिम फैसला नहीं है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है फिर से सुनूंगा अगर कोई शिकायत है। शिकायत है तो उसकी जांच भी हो सकती है।

बाज नहीं आ रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग उन नेताओ पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

### कांग्रेस मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर ने की बैठक

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग की बैठक अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमेर चारण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूरी जानकारी प्राप्त कर मीडिया के साथ समन्वय बनाने की दिशा में गहन चर्चा कर कई दिशा निर्देश दिए। सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम से झूठी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है।ताकि जनता अपनी मूल समस्याओं को छोड़कर उनके द्वारा फैलाई जा रहे झूठ के झांसे में आकर अपना मतदान भाजपा के पक्ष में करें।

# चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत आज

संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक का आयोजन 27 अप्रैल को होना सुनिश्चित हुआ हैं, जिसका उदघाटन न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के द्वारा किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा सभी तैयारी पूरी कर ली गयी। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया है, जिसमें एन.आई एक्ट के लिए - 23 एवं विद्धुत अधिनियम के

- **लंबित मामलों के अधिक से अधिक निष्पादन पर जोर**

लिए - 4 तथा मासिक लोक अदालत के लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया है। विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण एवं विद्युत से संबंधि वादों को सफलतापूर्वक सुलझाया जायेगा। चेक अनादरण के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस भेजा जा चुका है एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है। यह भी ज्ञात हो कि उक्त तिथि को मासिक लोक अदालत का भी आयोजना किया जाना है, इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया है। इसमें सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चोक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके उसका निष्पादन किया जायेगा।

## महेश्वर साहु ने अपने समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का हाथ

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को कांग्रेस भवन में किया गया। इसमें झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई।

इस मौके राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की है। देश के वर्तमान हालात मे अच्छे भविष्य के लिए राहुल गांधी एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने



महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय 25 गारंटी को जनता के सामने रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है और वह चुनाव को किसी अन्य दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रही हैं लेकिन जनता अपने मूल समस्याओं को ध्यान में रखकर ही पूरे देश में मतदान कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भाजपा के नफरत की माहौल से निपटना जनता जान गई है, सांप्रदायिकता की जी सीढ़ी पर चढ़कर भाजपा बहुमत लाने का प्रयास कर रही है।

उसमें वह सफल नहीं होगी। जनता उनके पूरे 10 वर्षों के कार्यकाल का एक्स-रे कर रही है और उसी के अनुरूप इन्हें सबक सिखाने का काम भी चुनाव के दो चरणों में जनता कर चुकी है।

# मार्केट कम्पलेक्स में लगी आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बरियातू रोड मार्ग स्थित एक मार्केट कांप्लेक्स में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबूपाया।

आग की लपटें देखते ही देखते अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज इधर-उधर भागने लगे। वहीं अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का खूब प्रयास किया लेकिन आग की लपटें धीरे-धीरे बढ़ने लगी। धूप और गर्मी की वजह से




आग की लपटें और भी तेज होने लगी। स्थानीय लोगों ने अपने से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग लगातार बढ़ते जा रही थी। तभी इस मार्केट परिसर में संचालित हो रहे कार वाशिंग सेंटर के पानी से आग को बुझाया गया। घटना के संबंध में वॉशिंग सेंटर का काम कर रहे रमन कुमार ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि पांच मिनट में ही पहले तल्ले के सभी वायरिंग जलकर राख हो गयी। हालांकि जान माल का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि यदि स्थानीय लोग त्वरित प्रयास कर आग को नहीं बुझाते तो शायद यह आग भीषण रूप ले लेती और इससे जान माल के साथ-साथ बड़ा नुकसान भी हो सकता था।

## झारखंड हाई कोर्ट

# सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में बदलाव कर सके और रूल फ्रेम कर सके। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 65 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई थीं। याचिका में कहा गया था



कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की याचिका पर जवाब के लिए ईडी को एक हफ्ते का दिया समय

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट की सुनवाई शुक्रवार को हुई। छवि रंजन की ओर से सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। इन दस्तावेजों को ईडी ने कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं लाया गया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिय। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में ईडी ने छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 04 मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

# नरेन्द्र मोदी फिर से पीएम बनेंगे : बाबूलाल

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की जय जयकार पूरी दुनिया में हो रही है। देश की जय जयकार तभी होगी जब नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री की सोच है कि हर व्यक्ति को भोजन मिलना चाहिए। बीमार होने पर उनका बेहतर इलाज होना चाहिए। ऐसे भारत को बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को देखेंगे तो स्पष्ट होगा कि आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं



किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने मां बहनों की इज्जत का भी ख्याल रखा। हर घर में शौचालय बनवाया। गैस का कनेक्शन दिया। गरीबों को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी हमले देश पर होते थे। तब केंद्र सरकार कभी अमेरिका जाती थी तो कभी यूएनओ जाती थी। कहती थी कि हमारे यहां बम विस्फोट हो गया है। पूरी दुनिया भारत पर हंसती थी। वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी तब उन्होंने कहा कि बाहर से एक भी आतंकवादी यदि यहां हमला करेगा तो उसे घुसकर मारेंगे।

जब देश में एक दो घटना हुई तब सेना के जवानों ने घुसकर मारा। इसके बाद इंडी गठबंधन के लोग इसका सबूत मांगने लगे। यह लोग देश विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। इन लोगों से सावधान रहना होगा। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई देश आजाद होने के समय से चल रहा था। कांग्रेस 50-60 साल तक सत्ता में रही लेकिन झारखंड अलग राज्य का निर्माण नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों को खरीद लिया। फिर उन्हें जेल में भेज दिया लेकिन झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ।

## एक नजर

### मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर कल

**बोकारो :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा बीजीएच के सहयोग से रविवार, 28 अप्रैल 2024 को सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में सुबह 9 बजे से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने शुक्रवार को उक्त जानकारी देते हुए समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को जीवन दान के समान माना गया है। जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता हो सके इसके लिए रक्तदान जरूरी है। मिथिला सांस्कृतिक परिषद सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही सामाजिक कार्यों के प्रति भी सजग है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व वर्ष 2023 में भी परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया था।

### क्रशर मजदूरों ने पहले मतदान फिर जलपान का लिया संकल्प




**बोकारो :** तुपकाडीह तांतरी उत्तरी पंचायत के नूतनडीह में संचालित क्रेशर में कार्यरत मजदूरों के बीच लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं में जागरुकता अभियान गुरुवार को चलाया गया। इस दौरान मजदूरों को मतदान की महत्ता से अवगत कराया गया। ललन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को वोटिंग करने का अधिकार है। कहा कि पहले मतदान फिर जलपान। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान जरूर करें। सुदर्शन तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 में आगे आकर सभी मतदाता मतदान करें तथा दूसरों को भी इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मजदूरों एवं कर्मचारियों ने मतदान को लेकर संकल्प लिया।

### तीन गांवों तक नहीं पहुंचता है सप्लाई का पानी



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के खुटरी और तांतरी दक्षिण पंचायत के तीन गांवों तक जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना से रोजाना सुबह मिलने वाला सप्लाई पानी पानी में धार नहीं होने के कारण घर घर तक नहीं पहुंच पाता है। शिव मंदिर रोड निर्मलडीह और महादेववर गांव के सुनील महतो, मनोज महतो, लोबिन महतो, बसंत गोस्वामी, सहदेव महतो ने बताया कि शुरूआती दिनों में पानी ठीक तरीके से मिलता था, लेकिन इधर कई माह से पानी में प्रेशर नहीं होने के चलते एक लीटर पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। बताया कि खुटरी पानी टंकी ऑफिस में जाकर तथा जल सहिया मीना देवी को पानी नहीं मिलने की शिकायत करने के बाद भी कोई पहल नहीं हुई। अब हम ग्रामीण जाएं तो जाएं कहां। पीने के लिए मंदिर के कुआं से पानी लाना पड़ता है। मंदिर प्रांगण में लगा सोलर पानी सिस्टम भी एक साल से खराब है। नहाने के लिए तेनु बोकारो नहर या पत्थर खदान जाना पड़ता है। इधर पेयजल आपूर्ति विभाग के जेई सुनील कुमार ने बताया कि अपने स्तर से जांच कर पेयजल संकट दूर करने का काम किया जायेगा।

### फिरोज ने 40वीं बार किया रक्तदान



**बोकारो :** चास प्रखंड मानगो पंचायत निवासी सह कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता फिरोज आलम ने बीएस सिटी के एक रक्त सेंटर में 40वीं बार रक्तदान किया। फिरोज ने बताया कि अब तक बिहार बंगाल के साथ साथ झारखण्ड के कई जिले में जाकर अपना खून देकर लोगों की जान बचाने का काम कर चुके हैं। ऐसे काम में मन लगता है तथा पुण्य प्राप्त होता है। कई लोग अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने परिजन को बीमारी से उबार नहीं पाते हैं। वह उनके लिए तैयार रहते हैं।

## चुनाव कार्य में किसी भी गलती और मनमर्जी की गुंजाइश नहीं : डीसी

# सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया, नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में सेक्टर पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन,



माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। डीईओ सह डीसी समेत टीम के अन्य सदस्यों ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

आगे, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी सेक्टर पदाधिकारियों को सभागार में एकत्र कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) द्वारा ब्रीफ किया गया। मौके पर कहा कि निर्वाचन के सफल संचालन में सेक्टर पदाधिकारियों का अहम रोल है। आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें।

डीईओ सह डीसी ने कहा कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों के लिए उपलब्ध मैनुअल को पढ़ेंगे। गलती से भी किसी तरह की गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। किसी भी कार्य का निष्पादन अपनी मनमर्जी से नहीं करनी है, मैनुअल के अनुसार ही उसका निष्पादन होगा। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियां से विस्तार से अवगत कराया।

मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि आपके द्वारा की गयी एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। जो भी प्रश्न/जिज्ञासा हो,उसे प्रशिक्षकों से पूछ अभी ही स्पष्ट कर लें। इस दौरान निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों के बीच पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर प्रपत्र 12 वितरण एवं प्राप्त किया गया। पोस्टल बैलेट कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने इस संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीवीसी आवास में रहनेवालों का सत्यापन शुरू, अवैध कब्जे पर लगेगी लगाम

संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर द्वारा आवासीय कॉलोनी में डीवीसी के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रूप से रहने वाले लोगों की जांच करने के लिए डीवीसी अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों की गठित समिति शुक्रवार को आवासों की जांच आरंभ की। जांच समिति में एचआर के सहायक प्रबंधक सह सचिव आवास आवंटन समिति एसएए अशरफ, डीवीसी श्रमिक यूनियन के सचिव बीके सिंह, कर्मचारी संघ के सचिव सदन कुमार सिंह, स्टाफ एसोसिएशन के सचिव राम नारायण राय, कामगार संघ के सचिव रविचंद्र कुमार, मजदूर संघ के सचिव राजदेव सिंह, हिंद मजदूर किसान यूनियन के सचिव राम लाल पासवान होम गार्ड के जवानों के साथ शामिल थे। डीजीएम द्वारा गठित जांच समिति ने एसडीटी एक, छह, सात, आठ, एसडी एक, दो, तीन, रेलवे स्टेशन के समीप ई टाइप क्वार्टर, टाइप फाइव आदि शामिल थे।जांच समिति ने जांच के दौरान



पाया कि डीवीसी के कई आवासों पर एक ओर जहां अवैध कब्जा किया गया है तो वहीं दूसरी ओर कई ऐसे आवास भी पाये गये, जिसे डीवीसी भू-संपदा विभाग के कर्मियों द्वारा ही भाड़ा पर लगाकर वसूली की जा रही है।

एसडीटी एक में जांच के दौरान समिति के सदस्यों से कई महिलाओं ने कहा कि डीवीसी भू-संपदा विभाग के कर्मियों द्वारा एक मुश्त सालाना 20-25 हजार रुपया लेकर आवासों को भाड़ा पर लगाया गया है। भाड़ा समय पर नहीं देने पर उन्हें आवास से निकालने को लेकर धमकाया जा रहा है। समिति ऐसे सभी आवासों की जांच कर एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट डीजीएम सौंपने का कार्य करेगी। डीजीएम ने विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में डीवीसी अधिकारियों तथा विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों की एक जांच समिति गठित की है, जो डीवीसी बोकारो थर्मल के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रुप से रहने वाले लोगों से पूछताछ कर वस्तुस्थिति की जांच करेगी। जांच के दौरान आवासों में रहने वाले सही व्यक्तियों की पहचान तथा आवास परिसर में निर्मित अवैध निर्माण की भी जांच कमेटी करेगी। समिति सप्ताह में दो दिन बुधवार तथा शुक्रवार को आवासों का भौतिक निरीक्षण कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट अधिकतम एक माह के भीतर डीजीएम को प्रस्तुत करेगी।

### जंगल में मिला वार्ड सदस्य का शव, हत्या की आशंका

## हिरासत में संदिग्ध, पूछताछ जारी

संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बेरमो अनुमंडल के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित ऊपरघाट के पेंक पंचायत स्थित बोरवापानी जंगल में 46 वर्षीय वार्ड सदस्य नजरूल अंसारी का शव पुलिस ने शुक्रवार की शाम को बरामद किया है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि वार्ड सदस्य की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया दिया गया है। मृतक वार्ड सदस्य के घर से लगभग एक किमी दूर जंगल में महुआ पेड़ के नीचे पुलिस ने शव बरामद किया है। जंगल में ही मृतक का बाइक भी खड़ा है। शुक्रवार को कुछ महिलाओं ने वार्ड सदस्य की लाश को देखा और महिलाओं ने गांव वालों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पेंक-नारायणपुर के थाना प्रभारी अनिल लिंडा जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वार्ड सदस्य का शव मिलने के बाद गांव में कई तरह की चर्चा आम हो गयी है।

ग्रामीण चर्चा कर रहें हैं कि वार्ड सदस्य की दूसरे स्थान पर हत्या कर शव लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महुआ पेड़ के मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही



है, साथ ही आगे की जांच के लिए एक टीम बनाई गयी है। थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। मृतक वार्ड सदस्य को दो पुत्री फरीजा खातून, अमीषा खातून व पुत्र युजेफा है। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मई महीने में छोटी बेटी अमीषा खातून का निकाह होना तय किया था। वार्ड सदस्य नजरूल अंसारी लगातार तीन बार से निर्वाचित हुए थे।

## नहीं रहे सेवानिवृत्त शिक्षक व आयुर्वेद के जानकार अवधेश्वर वर्मा

संवाददाता

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के बगदा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक, समाजसेवी व आयुर्वेद के जानकार 90 वर्षीय अवधेश्वर प्रसाद वर्मा (89 वर्ष) का निधन हो गया। शुक्रवार को दोपहर के समय गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी है। निधन की खबर सुनकर काफी संख्या में लोग अंतिम दर्शन को पहुंचे। जानकारी के अनुसार शिक्षक के रूप में उनकी पहली पदस्थापना मध्य विद्यालय, बरलंगा में हुई थी। उसके बाद जरीडीह प्रखंड के टेंगीकुदर में लंबे समय तक रहे। 1995 में मध्य विद्यालय, पतकी से सेवानिवृत्त हुए थे। वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। गांव में दुर्गा पूजा कमेटी के लंबे समय तक अध्यक्ष भी रहे थे। दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण में भी



अहम भूमिका निभायी थी। वह अपने पीछे तीन पुत्र व तीन पुत्री छोड़ गये हैं। बड़े पुत्र श्याम कुमार वर्मा एलआईसी के अधिकारी, मंझले पुत्र डॉ० मुकेश कुमार वर्मा चिकित्सक व छोटे पुत्र आनंद कुमार वर्मा सीआरपीएफ में हैं। उनके निधन पर स्थानीय विधायक डॉ० लंबोदर महतो, प्रमुख नियोती कुमारी, पंसस मौ भट्टाचार्य, मुखिया गीता देवी, समाजसेवी शशिशेखर, पूर्व मुखिया रामसेवक जायसवाल, विष्णुचरण महतो, सिद्धेश्वर प्रजापति, मनोज कपरदार, प्रद्युम्न वर्मा, जय कुमार वर्मा, रूपेश वर्मा, विवेक वर्मा, रंजन वर्मा, कृष्ण किशोर कपरदार, दिलीप जायसवाल, सुकुमार जायसवाल, शिक्षक पंकज कुमार जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, राजेश कुमार राय आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बोकारो परिसदन का डीसी सह डीईओ ने किया निरीक्षण

## संबंधित एजेंसी को कार्य में एकरूपता लाने का दिया निर्देश

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो परिसदन का शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव ने निरिक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सदानंद महतो, प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। डीसी सह डीईओ ने क्रमवार बोकारो परिसदन में चल रहें कार्यों का जायजा लिया। टीम ने परिसदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा। परिसदन की साज सज्जा के लिए लगाए गए फोटो फ्रेम, पर्दों, गमलों आदि को एकरूपता के अनुरूप संबंधित



एजेंसी को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, परिसदन के सभी कमरों, रसोई घर, फ्लोर एरिया आदि की नियमित साफ सफाई का निर्देश दिया।

इस कार्य को निष्पादित कर रहे एजेंसी को बेहतर से कार्य, दायित्वों को निष्पादन करने को कहा। मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता को निगरानी करते हुए इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, इस दौरान परिसदन में संचालित प्रेक्षक कोषांग, प्रेक्षकों कोषांग के कार्यालय, उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया। प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों के लिए कमरों का आवंटन, परिवहन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने कई दिशा निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया और ससमय कार्य पूरा करने को कहा।

# सबसे बड़ा दान कन्या दान के तहत सामाजिक संस्था ने सात गरीब कन्याओं की शादी में किया नकद सहयोग

संवाददाता

**बोकारो :** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों के सात गरीब लड़कियों चास प्रखंड के कांड्रा गांव के धनजय रमणीक की पुत्री अंजना कुमारी,कलामुद्दीन अंसारी की पुत्री सगुप्त खातून, चंद्रपुरा प्रखंड के खलचो तेलों गांव के महेंद्र महतो की पुत्री निशा कुमारी, बोकारो थर्मल के जयनंदन महतो की पुत्री लक्ष्मी कुमारी, कसमार



प्रकांड के बागदा गांव के आनंद प्रजापति की पुत्री मधुवाला कुमारी, जरीडीह प्रखंड के कोरटांड गांव के आजम अंसारी की पुत्री गुलशिता खातून और बालीडीह प्रखंड के नातुडीह गांव के शंकर सिंह की पुत्री लक्ष्मी कुमारी की शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच हजार रुपए का चेक और एक एक साड़ी संस्था के बोकारो जिला प्रभारी अशोक दास एवं एसोसिएट के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथों ग्रामीणों की उपस्थिति में सौंपा गया। वहां उपस्थित सभी गाव वालों को बताते हुए जिला प्रभारी ने बताया कि संस्था की शुरूवात 2019 में चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी में की गई थी।

आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व बंगाल में भी संस्था कार्य कर रही है जो बहुत हीं सराहनीय बात है। संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर या सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था का एक उद्देश्य यह भी है कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी से जोड़ा जाय। ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो। बता दें कि संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोलने जा रही है। ताकि गरिब लोगों के बच्चों सही और अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके। आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। ताकि महिलाएं अपने आप आत्मनिर्भर बन सकें। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करते आ रही है। मौके पर उप जिला श्रीकांत दास, एसोसिएट रेणुका बाउरी, ममता बाउरी,बिना देवी,के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## शस्त्र जमा नहीं करनेवाले 159 अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला प्रशासन की ओर बार बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने अब तक ऐसे कुल 159 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस को रद्द किया है।

यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग अलग आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। बार बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की थी। डीसी ने बताया कि आर्म्स रूल 1959 की कंडिका 17 की उप कंडिका 3(बी) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऐसे कुल 159 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को निरस्त किया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से डीजल टैंकर में लगी भीषण आग, क्रेन मशीन भी चपेट में आया

संवाददाता

**बेरमो :** सीसीएल ढोरी एरिया के एसडीओसीएम परियोजना के कारीपानी स्थित बीएलए कंपनी के कैंप में खड़ी डीजल टैकर में गुरूवार की शाम शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। डीजल टैंकर में आग लगने के बाद उसके चपेट में क्रेन मशीन भी आ गया। संयोग वश क्रेन मशीन में भारी नुकसान नहीं हुआ। परंतु डीजल टैंकर पूरी तरह से जलकर खाख हो गया। गनीमत थी कि टैंकर ब्लास्ट नहीं हुआ।

यदि ऐसा होता तो कैंप में कार्यरत कर्मी घटना के शिकार हो सकते थे। घटना के बाद लगभग एक घंटे बाद सीटीपीएस के दमकल के आने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सीसीएल एवं बीएलए कंपनी के पास आग बुझाने का प्रयाप्त



संसाधन नहीं रहने के कारण आग को बुझाने में विलम्ब हुआ। कैंप के अंदर घटना होने के कारण सीआइएसएफ जवानों द्वारा अंदर प्रवेश के लिए पत्रकारों को भी रोका जा रहा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सीसीएल ढोरी एरिया के एसडीओसीएम परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिन डीजल टैंकर चलती थी। आज भी बीएलए कंपनी में चलने वाले वाहनों में डीजल भरने के लिए टैंकर मंगवाया गया था। इस दौरान टैंकर में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक टैंकर में भीषण आग लग गयी। टैंकर के बगल में खडी क्रेन भी उसके चपेट में आ गयी। टैंकर पूरी तरह से धू धूकर जलने लगी थी।

### सीटीपीएस के टैंकर ने आग पर पाया काबू

डीजल टैंकर में आग लगने के बाद सीटीपीएस के टैंकर को मंगवाया गया। इससे पूर्व सीसीएल व बीएलए कंपनी अपने संसाधन से आग बुझाने का प्रयास की। लेकिन आग पर काबू पाया नहीं जा सक रहा था। इसलिए सीटीपीएस का दमकल मंगवाया गया। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। यदि सीटीपीएस का दमकल समय रहते नहीं पहुंच पाता तो बड़ा हासदा होने से इंकार किया नहीं जा सकता है। उल्लेखनीय है कि ढोरी एरिया के एसडीओसीएम परियोजना में हर तरह अंदर हीं अंदर आग लगी हुई है। इस आग को बुझाने में हर माह सीसीएल लाखों रुपए खर्च करती है। कभी कभी ऐसा भी होता है कि परियोजना में कोयला खनन के दौरान कई मजदूर आग के चपेट में आकर झुलस चुके हैं। लेकिन प्रबंधन की उदासीनता के कारण आग पर पूरी तरह से काबू पाया नहीं जा सका है। इसके बावजूद भी मजदूर अपने जान को जोखिम में डालकर कोयला निकासी का काम करते है।

### धधकती आग के ओबी गिरने से जिंदा जला था ऑपरेटर

24 जून 2022 को एसडीओसीएम परियोजना के कारीपानी आउटसोर्सिंग पैंच में धधकती आग के ओबी गिरने से बीएलए कंपनी के अधिन कार्यरत ऑपरेटर महेंद्र यादव पोकलेन के अंदर जिंदा जल गया था। यह आग ओबी में घटना से बहुत पूर्व हीं लगी थी। लेकिन जान को जोखिम में डालकर कार्य करवाया जा रहा था। जिसके बाद यह घटना घटी और प्रबंधन आनन फानन में आग लगी ओबी को हटवाने का काम की थी। इस घटना में बहुत राजनीति भी हुइ थी।

## एक नजर

### ढोरी महाप्रबंधक ने किया पनशाला का उद्धाटन



**बेरमो :** सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य गेट पर शुक्रवार को जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने प्याऊ का विधिवत उद्धाटन फीता काट कर और नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि विगत कुछ दिनों से ताम्पमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। साथ हीं गर्म हवा भी चल रही है। इससे लोग काफी परेशान हैं। लेकिन अपने दैनिक कार्यों के लिए लोगों को घर से बाहर आना पड़ता है। इस स्थिति में राहगीरों को सबसे ज्यादा शीतल जल की जरूरत होती है। इसी को देखते हुए यहां प्याऊ लगाया गया है। यहां शीतल जल की पूरी गर्मी व्यवस्था रहेगी। कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। कहा कि मुख्य रास्ते में पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। फुसरो बाजार में भी जल्द पनशाला खोला जाएगा। ताकि बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके। सुशांत राइका ने बताया कि मंगलवार व शनिवार को यहां राहगीरों के लिए विशेष रूप से चना और गुड़ की भी व्यवस्था रहेगी। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, एसओसी उज्ज्वल कुमार, एएफएम राजीव कुमार, एसओइएंडेम जयशंकर प्रसाद, सिक्योरिटी ऑफिसर सीताराम यूईके, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, सहित यूनियन नेता आर उनेश, कैलाश ठाकुर, कुंज बिहारी प्रसाद, भाई प्रमोद सिंह, विवेकानंद चतुवेर्दी, जीवनलाल रजक आदि उपस्थित थे।

### बीएंडके जीएम कार्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**बेरमो :** सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां अधिकारी व कर्मचारियों ने शपथ लिया। इसके अलावे एकेके ओसीपी, कारो ओसीपी, बोकारो कोलियरी, रीजनल अस्पताल करगली आदि ने भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जीएम के रामाकृष्णा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी को अपने अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। सीसीएल के अधिकारी व कर्मचारी बढ़चढ़ कर मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। मौके पर जीएम माइनिंग केडी प्रसाद, एसओसी सतीश सिन्हा, गौतम महंती, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ज्ञानेंद्र चौबे, एसओपी राजीव कुमार, पीओ केएस गेवाल, अरविंद शर्मा, पीएन सिंह, बीएके ठाकुर, मनीष महेश आदि मौजूद थे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रथ रवाना



**गिरिडीह :** शुक्रवार को गावां प्रखंड मुख्यालय सभागार से स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र रविदास व अंचल अधिकारी अविनाश रंजन के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव में भागीदारी के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर बीडीओ महेंद्र रविदास के द्वारा प्रखंड मुख्यालय से रथ रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि चौपाल लगाकर एवं डोर टू डोर लोगों को मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाग लेकर मतदान महाकुंभ में शामिल होने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर बैनर के माध्यम से आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ हीं मतदाताओं को डोर टू डोर संपर्क अभियान के तहत चुनाव में मतदान करने की अपील की एवं मतदान तिथि पर मतदाताओं की अधिकतम उपस्थिति को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार, प्रदीप राम, नेयाजुद्दीन, कृष्णदेव पंडित, गोपाल रजक समेत प्रखंड के अन्य कर्मी मौजूद थे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों संग अनुमंडल सभागार में बैठक आयोजित

**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को होने वाले होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की एक बैठक शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। अस्पतालों,नर्सिंग होम के संचालकों सहित कार्यरत कर्मियों तथा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति हुई।एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा क्षेत्र-33 मोहम्मद शहजाद परवेज ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों को मतदान के लिए जागरूक करने एवं स्वयं भी मतदान अवश्य करने की अपील की।साथ हीं नये मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फार्म 6 भरकर अंचल कार्यालय या अपने बीएलओ के पास जमा करने को कहा।

## झुमरा पहाड़ी क्षेत्र में सीआरपीएफ व पुलिस जवानों ने चलाया छापेमारी अभियान

संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर बिरसेन उर्फ चंचल एवं उसके साथियों के झुमरा पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त होने पर सीआरपीएफ, झारखण्ड जगुआर एवं जिला पुलिस बल को सम्मलित कर एक संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया।

उक्त जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि छापामारी के कम में ललपनिया थाना प्रभारी एवं झारखण्ड जगुआर एजी-15 के सर्च टीम ग्राम लालगढ टोला लईयोगढ़ा पार कर रही थी कि जंगल की ओर से एक फायर हुआ। जिसका सर्च टीम के द्वारा पीछा किया गया, लेकिन जंगल का लाभ उठाकर वे भाग निकले। सर्च टीम के द्वारा तलाशी में एक भरतुआ बंदुक पाया गया। 26 अपील को प्रातः अभियान के क्रम में सहायक समादेष्टा एवं प्रभारी



रहावन ओपी टीम के द्वारा झुमरा पहाड के जंगल में नक्सलियों के छिपाने के ठिकाने का पता लगाया गया। जहां रहने, खाना बनाने, मोर्चा आदि पाया गया। जिसे सर्च टीम के द्वारा विनष्ट कर दिया गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है तथा नक्सलियों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है।

### छापेमारी में ये सामग्री हुआ बरामद

छापेमारी में मजल लोडिंग भरठुआ बंदुक-एक, उग्रवादियों के द्वारा प्रयोग किए जा रहे मिट्टी का चुल्हा, मचान, लकड़ी को काट कर मोर्चा आदि को अभियान शामिल सर्च टीम के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया।

### छापामारी अभियान में शामिल ये थे शामिल

छापेमारी में सी आर पी एफ 26 बी एन सी कॉपी सहायक समादेष्टा प्रभात कुमार, जगदेव पाहन तिर्की, पुलिस निरीक्षक झारखण्ड जगुआर, एजी-15, शशि शेखर कुमार, ओपी प्रभारी, ललपनियां ओपी, जय प्रकाश एक्का, ओपी प्रभारी रहावन ओपी, दीपक कुमार राणा, थाना प्रभारी चतरोचट्टी थाना, रंजीत प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महुआटॉड थाना, सीआरपीएफ झारखण्ड जगुआर एवं जिला बल के सशस्त्र जवान शामिल थे।

### एफएसटी की टीम ने 144 बोतल अंग्रेजी शराब किया जप्त

## दो नाबालिग हुआ गिरफ्तार बाइक से हो रही थी तस्करी

संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड बिहार की सीमा पर अवैध शराब के साथ दो नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। बाइक से शराब की तस्करी की जा रही थी, इसी दौरान पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

बुधवाडीह सारोण बॉर्डर में बनाए गए चेक पोस्ट पर देवरी थाना पुलिस और एफएसटी टीम ने वाहन जांच अभियान के दौरान कथित तौर पर बाइक से शराब की तस्करी कर रहे दो अभियुक्तों को पकड़ा, पकड़े गए दोनों अभियुक्त नाबालिग हैं। उनकी बाइक से 7 पेटी 144 बोतल शराब बरामद हुआ है। इसमें किंगफिशर 650 एमएल की, 24 बोतल बियर, रॉयल चैलेंजर कंपनी की 375 एमएल की 72 बोतल अंग्रेजी



शराब, मैकडॉवेल कंपनी की 375 एमएल की 24 बोतल शराब थी। बरामद शराब को पुलिस ने जप्त कर लिया है।

उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शराब जप्त करने वाली टीम में मजिस्ट्रेट सुरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, रिशु सिंह, आरक्षी संयुक्त कुमार व तेज नारायण प्रसाद शामिल थे। इस बावत थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने बताया कि दोनों नाबालिगों को रंगे हाथ पुलिस ने पकड़ा है। यह लोग बिहार में शराब को खपाने जा रहे थे। तभी पुलिस ने इन्हें पकड़ा और उनकी बाइक पर लदे शराब को बरामद किया।

## जेएमएम व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो का डुमरी में हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के जेएमएम व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो डुमरी स्थित जेएमएम कार्यालय पहुंचे, जहां उनका झामुमो व इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंत्री बेबी देवी एवं जेएमएम सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेतागण उपस्थित हुए। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने चुनाव जीतने को लेकर अपना अपना मन्तव्य रखा तथा अपने अपने क्षेत्र के हरेक बूथों में अधिक से अधिक वोट दिलाने की बात कही।

वहीं उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो ने कहा कि हर हाल में इस लोकसभा चुनाव को जीतना है इसके लिए अभी से सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों के मतदाताओं को जागरूक करें। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा दीपावली ईद और बकरीद हर



साल आता है लेकिन लोकसभा चुनाव 5 साल में एक बार आता है जो जनता के लिए महापर्व है। उन्होंने कहा कि हम पब्लिक के बीच में जाकर बताएंगे कि वर्तमान की केंद्र सरकार तानाशाह है तथा देशवासियों के बीच जो उन्होंने कहा था कि 56 माह में देश का दिशा और दशा बदल देंगे लेकिन जनता उन्हें दो टर्म दिया परंतु देश की दिशा और दशा तो नहीं बदल पाए लेकिन देश की जनता को महंगाई के मार में मोदी सरकार ने जरूर धकेल दिया। उन्होंने कहा कि जनता के लिए 2024 का चुनाव अच्छा मौका है। ताकि सोच समझ कर अच्छे प्रत्याशी को चुनाव जीता कर दिल्ली भेजें। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाले 25 मई को अधिक से अधिक वोट दें एवं अच्छे प्रत्याशियों को चुने। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर जनता हमें लोकसभा चुनाव में जीत दिलाती है तो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पलायन व विस्थापन को रोकते हुए क्षेत्र के विकास हेतु हमेशा तत्पर रहेंगे। जबकि मंत्री सह डुमरी विधायक बेबी देवी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें एवं चुनाव में विजय दिलाने हेतु आवश्यक रणनीति बनाएं।

### झामुमो उलगुलान की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की धनबाद में हुई बैठक

## समान विचार धारा वाले दल को समर्थन देने का निर्णय

संवाददाता

**बेरमो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को केंद्रीय उपाध्यक्ष खेदन महतो के आवासीय कार्यालय सुगियाडीह सरायढेला धनबाद में केंद्रीय उपाध्यक्ष भोला प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। संचालन खेदन महतो ने किया। यह जानकारी देते हुए झामुमो यू के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने बताया कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ हीं बैठक में कहा गया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से अपने पार्टी की ओर से नामांकन कराए हैं। उन्हें चुनाव में विजयी बनाने के लिए तैयारी समिति बनाई गई है। जिसमें



केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अर्जुन राम, केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष खेदन महतो, कृष्णा थापा, शंभू नाथ महतो, राजेश यादव, वाशी खान शामिल किए गए हैं। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया कि झारखंड के अन्य 10 लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार देने या समान विचारधारा वाले दल को समर्थन देने की जिम्मेवारी पार्टी अध्यक्ष कृष्णा मार्डी एवं केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो को दी गई। बैठक में केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, कृष्णा थापा, गणपत महतो, दिगंबर महतो, भोला प्रसाद शंभू नाथ महतो, राजेश यादव, जगदीश महतो, मनीलाल महतो, काली पोदो महतो, देवीलाल किस्कू, माजा महतो, विशाल महतो, राम प्रसाद महतो, बलराम महतो आदि उपस्थित थे।

## धडल्ले से हो रही है अवैध बालू की तस्करी

संवाददाता

**बेरमो :** बेरमो क्षेत्र दामोदर नदी के बालू घाटों से इन दिनों धडल्ले से अवैध बालू की तस्करी की जा रही है। दिन हो या रात बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव ट्रैक्टर से किया जा रहा है। सबसे अधिक बालू का उठाव फुसरो क्षेत्र के चलकरी पुल के समीप दामोदर नदी से की जा रही है। यहां से रात के नौ बजे से रोजाना नावाडीह क्षेत्र के आसपास ट्रैक्टरों से बालू का उठाव किया जाता है।

यह बालू नावाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में ले जाया जाता है। बताया जाता है कि फुसरो मुख्य बाजार होकर काफी तेज रफ्तार से बालू उठाव के लिए ट्रैक्टरों का लगातार आना-जाना लगा रहा है। फुसरो



बाजार में देर रात तक लोगों की चहल पहल रही है। जिसके कारण अवैध बालू तेज रफ्तार में ले जाने के क्रम में कभी भी बडी घटना हो सकती है। वहीं फुसरो शहर के हिन्दुस्तान पुल फुसरो बालू घाट, बालू बैंकर घाट, ढोरी खास, करगली गेट, बेरमो, खेतको घाट से भी रात के अंधेरे में बालू का उठाव किया जाता है। लेकिन प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से ट्रैक्टर मालिकों का मनोबल बढता जा रहा है।

वहीं युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया ने कहा कि फुसरो बाजार होकर इन दिनों रोजाना रात में ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध बालू ले जाया जा रहा है। ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज रहती है कि असंतुलन होने पर बडी घटना घट सकती है। इस मामले को लेकर बेरमो सीओ से लिखित शिकायत की जायेगी। इस संबंध में बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। अवैध बालू का उठाव रोकने के लिए छापेमारी की जायेगी।

## महिंद्रा थार पुल से नीचे गिरा, चार घायल

संवाददाता

**गिरिडीह :** नव विवाहिता जोड़े की शादी गुरुवार को हीं संपन्न हुई थी। शादी के बाद सभी लोग द्वार लगाने की रस्म निभाने के लिए भल्लूटांड़ से चकाई जा रहे थे तभी हादसा हो गया। गिरिडीह में सड़क हादसे की वजह से दूल्हा-दुल्हन सहित चार लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार को जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर देवरी थाना के चतरो के पास हुई। सभी घायलों को इलाज के लिए जलखरियोडीह स्थित निजी अस्पताल भर्ती में कराया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

जानकारी के मुताबिक नव विवाहिता जोड़े की शादी कल हीं संपन्न हुई थी। शादी के बाद सभी लोग दुआर लगाने की रस्म निभाने के लिए अपनी महिंद्रा थार से गिरिडीह के भल्लूटांड़ से चकाई गांव जा रहे थे। इस दौरान चतरो के पास सामने से आ रही ट्रक से बचने के प्रयास में



उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर बने पुल की रेलिंग तोड़कर 12 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया।

जिससे वाहन पर मौजूद पति पत्नी समेत सभी 4 लोग घायल हो गये। घायलों में राजधनवार थाना क्षेत्र के भल्लूटांड़ गांव निवासी दूल्हा जय कुमार साव उम्र 25 वर्ष, दुल्हन प्रीति कुमारी 20 वर्ष, दुल्हन की बहन अंजली कुमारी 07 वर्ष, चालक मुकेश साव शामिल है। सभी घायलों को उपचार के लिए जलखरियोडीह स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां सभी की स्थिति गंभीर बताया जा रही है। दुर्घटना के बाद आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी लेने के बाद घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, क्षतिग्रस्त महिंद्रा थार को अपने कब्जे में ले लिया।

एक नजर

## तृतीय मतदान पदाधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित



**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में आज से तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदाता पर्ची का संग्रहण करना, कंट्रोल यूनिट के बैलेट बटन को प्रेस कर मतदाता को वोटिंग कंपार्टमेंट में वोट डालने जाने को कहना, के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा उनको ईवीएम को अनबॉक्स करना, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर का मतदान केंद्र के बाहर प्रदर्शन करना, मतदान केंद्र में प्रीसाइडिंग ऑफिसर के निदेर्शानुसार लेआउट बनाना, मशीन के एड्रेस टैग को वैक्स से सील करना, मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम को बॉक्स में भर कर एड्रेस टैग लगाना सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, पुष्कर चंद्र झा, उमेश लाल, कुमार वंदन, सुभाष, आलोक तिवारी, मदन महतो, बृजभूषण पांडेय, ब्रज किशोर चौबे, महफूज आलम, अनवर हुसैन आदि उपस्थित थे।

## वोटर कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेजों के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान

**धनबाद ।** मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र,राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में मतदाता का नाम दर्ज होना अनिवार्य है।

## निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा जारी है। लक्ष्मी देवी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ झरिया विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान लक्ष्मी देवी महिलाओं से मिली और धनबाद लोकसभा से अपने लिए वोट का आशीर्वाद मांगी। महिलाओं का समर्थन लक्ष्मी देवी को मिल रहा है। लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को जानबूझ काट ग्रहण लगाया गया। एयरपोर्ट, एम्स अस्पताल, रेल आदि चुप्पी के कारण छीन गया। लेकिन अगर धनबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद को जन सुविधा का सौगात जरूर मिलेगा और नागरिक सुविधा बहाल होगी। बिजली पानी पर्याप्त और निर्बाध मिलेगा। लक्ष्मी देवी ने लोगों से मिलकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

## बकाया की आड़ में रंगदारी कर मोटरसाइकिल छीना

**धनबाद ।** बकाया रकम की आड़ में शब्जात मिया से उनकी मोटरसाइकिल छीन लेने तथा मारपीट करके घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। धनबाद के अस्पताल में इलाजरत शब्जात मिया ने बताया कि पिछले दिनों जरूरी कार्य से सोनू से उसने 90 हजार रुपए लिए थे। जिसे उसे वापस भी कर दिया। लेकिन उसके बाद भी दो लाख रुपए की मांग करते हुए वह उसे और उसके परिवार को पिछले एक माह से प्रताड़ित कर रहा था। इसी क्रम में उसने सुबह 9 बजे उसने उनका बाइक बकाया के मद में छीन लिया। धनबाद के बैंक मोड़ क्षेत्र में उनके साथ मारपीट कर लहू लुहान कर दिया और फरार हो गया। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले को लेकर वह पहले हीं थाने में न केवल शिकायत कर चुके हैं बल्कि पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है लेकिन हमलावर अभी तक नहीं पकड़ाया है।

## दवाओ को बांटने की बजाय एक्सपायरी करके जलाने का मामला

**धनबाद ।** सरकारी अस्पताल में दवा नहीं होने का रोना रोया जाता है। लेकिन इस दवा को एक्सपायरी कर अनुपयोगी दिखाते हुए उसे जला देना सरकारी राशि का दुरुपयोग और जनहित के साथ क्या अन्याय नहीं है ? जी हां धनबाद का यह दास ए तस्वीर बहुत कुछ बता देता है। यह स्थिति धनबाद के हीं एक सरकारी अस्पताल का है, जहां दवाओं को एक्सपायरी कर उसे जलाने की प्रक्रिया चल रही है। यह मामला उसी बलियापुर प्रखंड का है जहां सरकारी अस्पताल में दवाओ की घपलेबाजी पिछले दिनों पकड़े जाने के बाद इस समाचार पत्र ने प्रकाशित भी किया था।

### उपायुक्त ने की बोकारो, चंदनकियारी के एआरओ के साथ बैठक

# दोनों एआरओ को विधानसभावार ईवीएम को अलग करने का निर्देश

**संवाददाता**

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने के लिए दोनों विधानसभा के एआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की। उपायुक्त ने दोनों एआरओ को विधानसभावार ईवीएम को अलग करने, समय पर ईवीएम की कमिश्निंग करने, ए.एस.डी. वोटर, वल्नेरेबल बूथ सहित अन्य की जांच करने, पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देने, ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिया। साथ हीं चुनाव के दिन समय पर मॉक पोल करने, मॉक पोल संपन्न होने के बाद की प्रक्रिया का आयोग के निदेर्शानुसार अक्षरशः पालन करने, मॉक पोल सर्टिफिकेट पर प्रीसाइडिंग ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा उम्मीदवार या उम्मीदवार के अधिकृत एजेंट का हस्ताक्षर अवश्य रूप से लेने, चुनाव संपन्न होने के बाद रूट प्लान के अनुसार व आयोग के निदेर्शानुसार ईवीएम को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, एईआरओ प्रदीप कुमार, सत्यबाला सिन्हा, दिवाकर दुबे, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**संवाददाता**

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विधान सभावार छंटनी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इसका निरीक्षण करते हुए बारीकी से ईवीएम के सीरियल नंबर का मिलान कर विधानसभावार बनाए गए स्थान पर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### शहर की जमीन टाटा लीज की और हजारों रुपए किराया उठा रहे दबंग

# बिस्टुपुर खाओ गली और डायगनल रोड गैरेज लाइन में चलता है धंधा

**संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** लौहनगरी जमशेदपुर समेत हजारों एकड़ जमीन टाटा स्टील कंपनी द्वारा राज्य सरकार से लीज पर ली गई है। जिसमें बिस्टुपुर क्षेत्र भी शामिल हैं और यहीं पर टाटा स्टील कंपनी भी स्थित है। बावजूद इसके कुछ दबंग किस्म के लोग टाटा स्टील की लीज जमीन को किराए पर देकर रोजाना हजारों रुपए कमा रहे हैं।

मगर इसकी भनक न तो कंपनी के अधिकारियों को है और न ही जिला प्रशासन को। जिसका फायदा उठाकर जमीन किराए पर देने का यह खेल खेला जा रहा है। अगर हम बात करें बिस्टुपुर क्षेत्र की तो यहां खाओ गली और डायगनल रोड गैरेज लाइन में यह धंधा फल-फूल रहा है। जहां स्थानीय के द्वारा गैरेज लाइन की जमीन पर कब्जा कर उसे रोजाना किराए पर दिया जा रहा है। इसी तरह खाओ गली में ठेला लगाकर जमीन कब्जा किया गया है और जिसके एवज में हजारों रुपए की कमाई दबंगों द्वारा की जा रही है। वहीं खाओ गली में सड़क के दोनों तरफ ठेला लगाकर कब्जा कर लिया गया है। जिससे सुबह-शाम जाम की स्थिति हमेशा ही बनी रहती है। सिर्फ यही नहीं, यहां आए दिन मारपीट की घटना भी घटते रहती है। बताते चलें कि बीते दिनों दो पत्रकार के साथ भी यहीं पर मारपीट की घटना घट थी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यहां ठेलों की आड़ में अड्डेबाजी भी होती है। अब देखना यह है कि कब तक इसपर कार्यवाही की जाती है।



# 17 शाखाओं के पूर्ण कामकाज रचनात्मक समाधान के जरिए चुनौतियों पर उतरा है खरा

### तकनीकी शिक्षा में अग्रणी संस्थान बना आईआईटी धनबाद

**संवाददाता**

**धनबाद ।** देश में तकनीकी शिक्षा के मामले में अग्रणी संस्थान के रूप में पहचान बनाने वाली संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद 1926 से हीं मजबूती के साथ तकनीकी शिक्षा के मामले में बेहतर प्रदर्शन के जरिए अगली पंक्ति में रहा है। इंडियन इंस्टीट्यूट का माइंस के नाम से चर्चित इस संस्थान के इंजीनियरिंग अप्लाइड साइंसेज प्रबंधन अध्ययन मानविकी की 17 शाखाओं के पूर्ण कामकाज के साथ इसका महत्व कायम है। भारत के खनिज समृद्ध क्षेत्र धनबाद में स्थित इस संस्थान के पास शिक्षा और उद्योग में उपलब्धियां व योगदान से बेहतर प्रदर्शन करने की लंबी शताब्दी की साख है। संस्थान के छात्रों और संकाय के बीच नवाचार की संस्कृति का निर्माण करने के इरादे से आईआईटी आईएसएम धनबाद ने आईआईटी आईएसएम की 11वीं बोर्ड बैठक की सिफारिश के माध्यम से सितंबर 2019 में नरेश वशिष्ठ सेंटर फॉर तिकरिंग और इनोवेशन (एनवीसीटीआई) की स्थापना की है। धनबाद पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के 1967 बैच के हमारे प्रतिष्ठित पूर्व छात्र नरेश वशिष्ठ के उधर वित्तीय सहयोग से युवा रचनाकारों को सफल उद्यमिता की ओर ले जाने वाले विचारों को उत्पादन में बदलने के लिए एक सक्षम भौतिक वातावरण प्रदान करने के प्रयास में केंद्र एक मैकेनिक और रैपिड प्रोटोटाइप यूनिट से युक्त अत्यधिक तिकरिंग और इनोवेशन प्रयोगशाला से सुसज्जित है। गेमिंग और एनीमेशन डिजाइन यूनिट इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और आईओटी यूनिट बैटरी पूछ साल असेंबली यूनिट और रोबोटिक और ऑटोमेशन यूनिट. संस्थान परिसर के अंदर नवनिर्मित इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन हब (12ँ) भवन के लगभग 11000 वर्ग फुट के क्षेत्र में स्थित केंद्र का उद्देश्य सामाजिक महत्व की स्थानीय और वैश्विक समस्याओं के लिए रचनात्मक समाधान उत्पन्न करने के लिए एक सकारात्मक नवाचार परिस्थितियों तंत्र का निर्माण करना है। एनबीसीटी आईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा आयोजित झारखंड स्कूल इन्नोवेशन चैलेंज (जेएच-एस आईसी) का उद्देश्य एक नवाचार संस्कृति को विकसित करना और उभरते इन्नोवेटर्स को अपने समुदायों में चुनौतियों की पहचान करने के लिए अपनी कल्पना और रचनात्मकता दिखाने के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना है और उन्हें संबोधित करने के लिए नवीन समाधान विकसित करना भी है।



# अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद नगर महिला कांग्रेस ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने गांधी नगर, सस्ती बागान, मनईटांड श्रीनगर कॉलोनी सहित धनबाद नगर के विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सीता राणा सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण भी उपस्थित थीं। नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से धनबाद लोकसभा चुनाव इंडिया महागठबंधन, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान कर सुनिश्चित कर जीत दिलाने का आह्वान किया। धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता अनुपमा सिंह के पक्ष में अपना मतदान देकर एवं भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजती है, तो निश्चित रूप से वे अपने दिए गए दायित्व पर खरा उतरेंगे। अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में लोगों का स्नेह और अपार समर्थन मिल रहा है और निश्चित रूप से भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगीं और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए आवाज उठाने का काम करेंगी। हमें भरोसा और पूर्ण विश्वास है कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने का काम करेगीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस कमेटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगी। नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता यदि अनुपमा सिंह पर विश्वास जताती है और भारी जीत दिलाती है तो निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा क्षेत्र का कायाकल्प होगा और विकासशील कार्य मजबूती के साथ होगा। साथ-साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एयरपोर्ट से लेकर कई उपलब्धि को दिलाने के साथ महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने व धनबाद को आतंक से मुक्त करने के साथ मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने में वे हर संभव प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है। भाजपा ने लोगों को झूठा आश्वासन देकर छलने का काम किया है। भाजपा के शासनकाल में भाजपा नेताओं द्वारा प्रताड़ित महिलाएं, शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित लोगों के हक और अधिकार के लिए अनुपमा सिंह लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगी और धनबाद की जनता निश्चित रूप से उन्हें आशीर्वाद देगी,लोगों का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है।



## इंटरमीडिएट की पढ़ाई को शुरू करने के लिए प्राचार्य को आवेदन दिया गया



**संवाददाता**

**सिंदरी ।** पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में सिंदरी कॉलेज सिंदरी के प्राचार्य के द्वारा कुलपति बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को शुरू करने के लिए आवेदन दिया गया। पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में अंगीभूत महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई को बंद कर देना सीधे तौर पर गरीब मजदूर किसान वर्ग से आने वाले छात्र छात्राओं को पढ़ाई से वंचित करने का षडयंत्र किया जा रहा है और कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन इस तरह के रवैया में यदि बदलाव नहीं करते हैं और छात्रहित में फैसला नहीं करते हैं तो हम लोगों के द्वारा 4 मई को सिंदरी कॉलेज के मुख्य द्वार पर पुतला दहन किया जाएगा और 14 मई को माथा मुंडन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का श्राद्ध कर्म किया जाएगा और? वहीं पर जब तक इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू नहीं किया जाता है तब तक सभी छात्र छात्राओं के साथ आमरण अनशन में रहेंगे। मौके पर काजल महतो,आकाश महतो, रोहित रजक, संतोष हंसदा, सूरज गुप्ता, शिवा हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

### एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए

# यूनियन के चुनाव के लिए सदस्य तैयारी करें : एसएनपी श्रीवास्तव

**संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद,ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम,नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बडे,सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ।

जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथ-साथ आई टी एफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एच एम एस एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ह्यशताब्दी अधिवेशनह्य में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर ह्यनेशनल पेशन सिस्टमह्य (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच जेएफआरओपीएस द्वारा लिया गया है ।इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में रेलकर्मियों के 40 प्रमुख मांग पत्र सहित कुल 9 प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ। सम्मेलन के केन्द्रीय मंच से रखे गए प्रस्तावों पर अपनी बात रखते हुए ।



## एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्यालय में ब्लॉक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार डे को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

**संवाददाता**

**बलियापुर ।** शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:00 बजे बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने ब्लॉक कॉऑर्डिनेटर जयंत कुमार दे को 30,000घूस लेते वक्त रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी टीम लगभग डेढ़ घंटे की कार्रवाई के बाद जयंत कुमार दे को गिरफ्तार करके ले गई। बताया गया कि बलियापुर-भिखराजपुर के ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से 5,00,000 के पेवर ब्लॉक के काम का बिल पास करने की एवज में जयंत कुमार दे ने 30,000 का घूस मांगा था। बलियापुर प्रखंड के गोलमारा हरि मंदिर और दोलाबड़ में ढाई-ढाई लाख रुपए का पेवर ब्लॉक बिछाने का काम हुआ था। उसी काम का बिल पास करने के लिए मोहम्मद इरशाद लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। जयंत कुमार के द्वारा 30,000 की रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी सूचना इरशाद ने धनबाद एसीबी को दी। एसीबी टीम ने शिकायत की सत्यता की जांच के उपरांत कार्रवाई करते हुए ब्लॉक कॉऑर्डिनेटर को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।



## सुभाषितम्

**अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है। - जॉन टिलोटसन**

## ये कैसी राजनीति, कैसा चुनाव प्रचार

लोकसभा 2024 का चुनाव अब आम जनता की बुनियादी जरूरतों और सरकार की जवाबदेही से हटकर बेमानी बयानों और आरोप-प्रत्यारोपों पर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अपने भाषण में मंगलसूत्र का जिक्र किया था। इसके बाद से भाजपा, कांग्रेस, सपा और अन्य राजनीतिक दलों ने मंगलसूत्र को आधार बनाते हुए टीका टिप्पणी शुरू कर दी है। मोदी जी ने अपने भाषणों में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे ज्यादा बच्चों वालों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफ दिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर शहरी नक्सलियों का कब्जा होगा। आखिर मोदी जी ने ये किस आधार पर कहा है कि हिंदू माताओं-बहनों के 'मंगलसूत्र' तक बांट दिए जाएंगे? मोदी जी ने डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या की है लेकिन ऐसा कुछ है नहीं जो मोदी जी ने कहा। तब तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के साथ ही मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। ये सभी जानते हैं कि संसाधनों पर किसी एक तबके या समुदाय का पहला हक नहीं हो सकता। यही वजह है कि तब मनमोहन सिंह के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक बड़े मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए दूसरे समुदाय को टारगेट करना, मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास के दावे को झुठलाते नजर आते हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। 'मंगलसूत्र' छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। ये जरूर है कि जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और गहने कहां से आ गए? कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मोदी जी ने जो व्याख्या की और उसका अपने भाषणों में जिक्र किया है उससे उसे भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वो कांग्रेस के घोषणा पत्र की ब्यौरा विस्तार से बताएंगे साथ ही प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि जो आप कह रहे हैं वो कहां लिखा है।

जो भी हो संपत्ति बटवारे, सोने-चांदी के गहने और मंगलसूत्र को लेकर सियासत तेज हो गई है। मोदी के बयान पर विपक्ष के नेताओं ने तीखी टिप्पणी की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को मंगलसूत्र से क्या लेना देना है। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पिछले करीब 70 सालों में 5 दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस की सरकार रही तब क्या किसी ने आपका सोना छीना और आपके मंगलसूत्र छीने। प्रियंका ने ये भी कहा कि जब देश में जंग हुई थी तब इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया था और मेरी मांग का मंगलसूत्र यानि राजीव गांधी देश पर कुर्बान हुए हैं। प्रियंका ने कहा कि जब सैकड़ों किसानों की जानें गईं तो क्या मोदी जी ने उन विधवाओं के मंगलसूत्र के बारे में सोचा। जब मणिपुर में महिला को नग्न घुमाया गया तब उन्होंने उनके मंगलसूत्र के बारे में सोचा। इसी तरह तेजस्वी यादव ने सवाल किया कि माताओं-बहनों का सुहाग कौन छीन रहा है।

## चिंतन-मनन

### जीवन में संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**तुला :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।


**धनु :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मीन :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

# मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था।

विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन \$2.15 पर अत्यधिक गरीबी, \$3.65 पर निम्न-मध्यम आय और \$6.85 पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गई है। मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दशार्ते हैं। पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुँच में काफी सुधार हुआ है। एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी, आज, यह आंकड़ा 3 प्रतिशत से भी कम हो गया है।

भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ। भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40% उत्पन्न करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्कळ) ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे। इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है।

ईपीएफओ एक सामाजिक सुरक्षा संस्था है जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध नियम अधिनियम, 1952 के नियमों के तहत देश के संगठित कार्यबल को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा निधि के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। सितंबर 2023 में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत औपचारिक नौकरी सृजन इस साल अगस्त में 1.69 मिलियन से बढ़कर 1.72 मिलियन हो गया। सितंबर में 0.89 मिलियन से अधिक नए ईपीएफओ सदस्य नामांकित हुए, जिनमें से 58.9 प्रतिशत 18 से 25 वर्ष की आयु के थे। यह दशार्ता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जिनमें से कई पहली बार कर्मचारी हैं।

सोमवार, 12 फरवरी, 2024, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में पिछले प्रशासन की तुलना में 1.5 गुना अधिक रोजगार सृजित किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुँचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। पिछले कुछ दशकों में, भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएँ, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा



मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला।

भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन - जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे। इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए।

इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है।

कांग्रेस के घोषणापत्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े-टुकडे गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया। एक समय था कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरा गांधी ने जातिगत जनगणना को देश के लिए घातक माना था। आज राहुल गांधी उन्हीं के विरुद्ध जाकर जातिगत जनगणना की बात कह रहे हैं। राहुल गांधी की असली मंशा जगजाहिर हो चुकी है।

एक बात ध्यान देने योग्य यह भी है कि विपक्ष का गठबंधन तो बन गया और उनकी तीन रैलियां भी हो चुकी हैं किंतु उसके पास प्रधानमंत्री कौन बनेगा इस बात को लेकर असमंजस है। विपक्षी दलों के घोषणापत्रों में वैसे तो विरोधाभास है किंतु मुस्लिम तुष्टिकरण के मामले पर सब एक हैं। आज भाजपा को हिंदुत्व पर आक्रामक होने का अवसर किसी ने दिया है तो वह केवल और केवल कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेता ही हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में मुसलमानों से कई वायदे किये हैं जिसमें उसने कहा है कि सत्ता में आने पर फैसले बहुसंख्यकवाद पर नहीं अल्पसंख्यकवाद पर आधारित होंगे। कांग्रेस 'संविधान बचाओ' के नाम पर भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही थी किन्तु उसके घोषणापत्र ने उसकी कलई खोल दी और भाजपा को हिंदुत्व की राजनीति करने का अवसर दे दिया । वैसे भी आम नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता दोनों ही प्रधानमंत्री मोदी की आक्रामक छवि को अधिक पसंद करते हैं । परिणाम तो चार जून को आएगा किन्तु अभी कांग्रेस बैकफुट पर है।

# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नई ऊचाईयां

प्रहलाद सबनानी

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं।

विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा।

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.30 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.43 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.11 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.37 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.53 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.58 बजे से |
| | | कुंभ | 01.44 बजे से |
| | | मीन | 03.17 बजे से |
| | | मेष | 04.48 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

शनिवार 2024 वर्ष का 118 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 08.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 03.23 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.19 बजे तदनन्तर बव 20.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 55'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871962
**जूलियन दिन** 2460427.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी, वल्लभाचार्य जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# एक नजर

## एसडीओ ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा



**हरिहरगंज (पलामू)।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने पिपरा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। बूथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह पहुंचकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी मतदाता को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को भयमुक्त और निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है। मौके पर पिपरा बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी थाना प्रभारी बिमल कुमार मौजूद थे।

## लोक अदालत का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया है। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। जिसमें कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा मामले का निस्तारण करेंगे।

## एसपी के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास शुक्रवार की दोपहर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के 16 वाहनों को पकड़ा गया। 15 बाइक को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया है। जबकि एक वाहन को सीजीएम कोर्ट फाइन के लिए भेजा गया है। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की आए दिन लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे है इसके बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे है।हमारा प्रयास है कि सभी लोग वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें और हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं ताकि अपने को सुरक्षित रख सके। उन्होंने कहा की ट्रैफिक पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाने को लेकर थोड़ा बहुत लोगों में जागरूकता आई है। जिसके कारण कई लोग अपने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर सड़क पर वाहन चलाते नजर आ रहे हैं।

## बरातियों से भरी बस पलटी, दर्जनों लोग घायल

**हुसैनाबाद/पलामू।** बाराती की वापसी के इंतजार में बैठे कई परिजनों को क्या पता कि उनके घर तक सकुशल वापसी के बाद इतनी बड़ी दुर्घटना होगी। बस पलटने की सूचना पर ही हैदरनगर थाना क्षेत्र के पतरिया गांव में कई बारातियों के घर में कोहराम मचना शुरू हो गया था। किन्तु इस घटना में जनमाल की क्षति नहीं होना ही ईश्वर की बरदान माना जाता है। घटना के तत्क्षण पहले खेप में आठ जबकि दूसरे खेप में पलटी खाई बस में फंसे चार घायल बारातियों को ग्रामीणों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। अस्पताल में बड़ी संख्या में घायलों सहित उनके परिजनों की भीड़ लगते ही विधायक कमलेश सिंह, प्रतिनिधि अजित सिंह, योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने पहुंचकर सभी घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों से भी इनकी हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इनके समुचित इलाज में कहीं भी बाधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना में सभी बाराती बाल बाल बच गये, यही बड़ी बात है। उन्होंने पतरिया गांव के घायल बाराती अर्जुन प्रजापति (45 वर्ष) गोपाल प्रजापति (50 वर्ष) महेन्द्र (45 वर्ष) जितेन्द्र प्रजापति (40 वर्ष) कमलेश (35 वर्ष) दुर्गा (45 वर्ष) सहित अन्य से कुशलक्षेम लेने के बाद उन्हें पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की।

## घर में लगी आग, घर का सामान सहित सात बकरी जिंदा जली

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सतौवा गांव निवासी रूपू शाह के घर में बीती रात असमाजिक तत्व के लोगो ने आग लगा दी।आग लगने की वजह से घर में रखा सारा सामान और 7 बकरी जिंदा जल कर मर गए। आग लगने की सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ रूपु शाह के घर पर उमड़ पड़ी।स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घंटो बाद आग पर काबू पाया गया।इस घटना के बारे में भुक्तभोगी रुपु शाह ने बताया की गुरुवार की रात घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे।इसी बीच पता चला की घर में आग लग गई है। उन्होंने बताया की आग लगने की वजह से लाखो का नुकसान हुआ है।

# एसपी ने ग्रामीणों से मिल कर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोक सभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन पड़वा और पाटन क्षेत्र के अन्य गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से निर्भीक और स्वतंत्र होकर वोट देने की अपील की। इस दौरान गांव की एक 90 वर्षीय वृद्धा से एसपी ने कहा की 13 मई को वोट देने जरूर जाईब माता जी। भोट देने जाने में यदि दिक्कत हो तो घर के लोगो का सहार जरूर लिजयेगा माता जी। इसी तरह उन्होंने अन्य ग्रामीणों के साथ भी संवाद किया। सुरक्षा का भी दिलाया भरोसा। उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी दिक्कत परेशानी हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। कोई भी धमकता हो तो ऐसे लोगों के बारे में थाना को सूचना दें। लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा की पलामू संसदीय सीट के लिए 13 मई को वोटिंग निर्धारित है। पुलिस हर जगह मुस्तैद रहेगी। यदि चुनाव को लेकर कोई धमकी देता हो तो पुलिस को सूचित करें।

## घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे बीएलओ



**हरिहरगंज (पलामू )।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत पलामू लोकसभा क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है । इसे लेकर बीडीओ सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी कुमार अरबिंद बेदिया ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन मतदाताओं को आगामी 2 व 3 मई को होम वोटिंग की सुविधा की गई है । साथ ही उन्होंने कहा कि बीएलओ पर्यवेक्षक क्षेत्र भ्रमण कर वैसे मतदाता को चिन्हित करें जिनके पास लेमिनेटेड पहचान पत्र है। तथा वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है परंतु मतदाता पहचान पत्र नही है या वोटर आईडी कार्ड पुराना है तथा फोटो पहचान में नहीं आ रहा है । वैसे मतदाता किसी भी फोटो पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड के साथ वोट दे सकते हैं। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि 26 अप्रैल से 9 मई तक अपने अपने क्षेत्रों में घर-घर जा कर मतदाता पर्ची का वितरण करें और 13 मई को वोट देने के लिए सभी को प्रेरित करें।

## प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के उद्यान मित्र एवं किसान दिल्ली रवाना




संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** पलामू जिले से करीब 50 किसान एवं उद्यान मित्र प्रशिक्षण एव परिभ्रमण हेतू कृषक मित्र सह उधान मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व मे जिले के ऊद्यान मित्र एव किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए।

रेलवे स्टेशन पर सभी को जिला ऊद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार के द्वारा रवाना किया गया और द्वारा कहा गया कि आप सभी लोग पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह परिभ्रमण अच्छे ढंग से पूरा कर लौटे। मौके पर सभी प्रशिक्षण पर जाने वालों को सुगम यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु प्रधान सहायक मोहम्मद अली रंजन दूबे, सुधांशु सिंह, मनोज सिंह, गोखूल महतो, रामसुंदर मेहता, सहित पचास लोग दिल्ली के लिए रवाना हुए।

# पुलिस ने तीन युवक को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर पांकी थाना की पुलिस ने सौरभ स्टोन माइंस के कुक सूरज चंद्रवंशी को चाकू मारने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया की 21 अप्रैल की रात पांकी थाना क्षेत्र के आरेहार गांव निवासी स्वर्गीय सुरेन्द्र चन्द्रवंशी के पुत्र सूरज चंद्रवंशी जो अपने गांव के नजदीक सौरभ स्टोन माइंस में कुक का काम करता है। उसे तीन युवक नईम खलीफा, छोटू खलीफा एवं महफूज खलीफा उर्फ मिथुन के द्वारा कुछ विवाद को लेकर माइंस में ही सब्जी काटने वाला चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। उक्त घटना को लेकर पांकी थाना की पुलिस ने कांड सं0-45 / 2024, दिनांक-22.04.2024, धारा-341/ 342/ 323/ 324/ 326/ 307/ 504/ 506/ 34 भादवि दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में पांकी पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी करते हुए दिनांक-26 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फरार अभियुक्त को लेस्लीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज पुलिस ने कांड संख्या 122/2023 तहत धारा341/ 323/ 326/ 504/ 506/34 के आलोक में फरारी काट रहे अभियुक्त दीपक पांडे ,पिता - सुरेंद्र पांडे, सा०- बांसदोहर को थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को उसके घर पर रहने की गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अभियुक्त को उसके घर बांसदोहर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# बिश्रामपुर : चिकित्सा शिविर में 246 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज




संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा नप मुख्यालय के निजी विद्यालय सनातन विद्या निकेतन रेहला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया, जिसमे 246 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच ऐंव मुफ्त इलाज किया गया और कई तरह के रोगियों को स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके अलावा मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया।

यहां बताते चलें कि विधायक सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निदेर्शानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है.शिविर में रोगियों का इलाज डॉ विनित, डॉ रणवीर, डॉ सरफराज, डॉ अभिनव निकुंज के द्वारा किया गया। डॉ ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एएनएम अनुपम कुमारी, राजेश कुमार, शंकर, निराला, सोनू आलम, सामा, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, रंभा कुमारी, कंचन कुमारी, रजक, किरण कुमारी, राजेश कुमार, धर्मेन्द्र चंद्रबंशी, लैब टेक्नीशियन निराला कुमार, मार्केटिंग मैनेजर कुंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे। एडमिनिस्टर नीतीश कुमार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर सभी जगहों पर कैंप लगाया जाएगा,और लक्ष्मी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सभी तरह का मुफ्त जांच,इलाज और ऑपरेशन किया जा रहा है।

# डीएनएस फाउंडेशन ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का किया वितरण

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन-सेवा को समर्पित गैर सरकारी संगठन डीएनएस फाउंडेशन,रांची ने पलामू जिला मुख्यालय स्थित होली क्रॉस स्कूल के 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा, स्कूल के निदेशक चन्द्रभूषण सिन्हा समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक तथा बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता सिन्हा ने कहा कि डीएनएस फाउंडेशन शिक्षा अर्जन को हमेशा प्राथमिकता देता है।



शिक्षा से ही आज के बच्चे कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, जो एक सुदृढ़ एवं सफल समाज का निर्माण करेंगे। गौरतलब है कि डीएनएस फाउंडेशन पिछले कई सालों से पलामू के बच्चों के बीच उनकी अच्छी पढ़ाई के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर रहा है। इसके अलावा डीएनएस फाउंडेशन ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल के 10 बच्चों की पढ़ाई का सम्पूर्ण जिम्मा लिया है। डीएनएस फाउंडेशन की डायरेक्टर गीता सिन्हा ने बताया कि कई बच्चों में से 10 ऐसे बच्चों को चुना गया है, जो या तो अंत्यंत गरीब परिवार से हैं या जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। इन बच्चों को पढ़ने में कोई परेशानी न हो, इसकी कोशिश डीएनएस फाउंडेशन ने की है। उन्होने बताया की इन बच्चों के स्कूल फी का खर्च डीएनएस फाउंडेशन वहन करेगा।

# पलामू : शादी का झांसा देकर चार बच्चों का पिता एक युवती के साथ करता रहा यौन शोषण

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती के साथ चार बच्चों का बाप शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर पिछले दो वर्षों से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पीड़ित युवती ने महिला थाना में नामुदाग निवासी रंजन कुमार सहित उसकी पत्नी सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित युवती ने बताया की 2022 में शादी का झांसा देकर रंजन ने उसके साथ यौन शोषण किया जिसके बाद मैं कहीं भी जाती वह मेरे पीछे आकर जान देने की धमकी देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। जब मैं गर्भवती हो गई तो रंजन से शादी करने को कहीं तो वह मेरे साथ मार पीट करते हुए बच्चे का गर्भपात करने के लिए दवा लाकर दिया। जब खाने से इंकार की तो मेरे साथ रंजन ने मार पीट किया। उसने बताया की 18 मार्च को रंजन के छोटे भाई भीम राज की शादी थी तो शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुझे अपने घर बुला कर गर्भपात कराने के लिए उसकी पत्नी बबली देवी, बहन प्रिया कुमारी, आशा कुमारी, गुड्डी कुमारी, भाई अक्षय कुमार, भीमराज कुमार, पिता बलदेव साव, मां लाकेश्वरी देवी, चाचा ओमप्रकाश साव, किरण देवी दबाव बनाने लगे जब उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों के द्वारा मेरे साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया और कहा की घटना के संबंध में किसी से कहीं तो जान से मार देंगे और रंजन को घर से भगा दिए।मेरे साथ मारपीट किए जाने से बेहोश हो गई।

इसकी जानकारी जब मेरे पिता को हुई तो वे रंजन के घर आकर मुझे अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में लाकर इलाज कराया। पीड़ित युवती ने बताया की इस मामले को गांव वालों ने पंचायत कर मामले का निपटारा करने की बात कही। जिस कारण थाना में आवेदन देने में विलंब हुआ।जब रंजन और उसके परिजन पंचायत में नहीं आए और उसके परिजन ने उसे भगा दिया। तब वह इसकी शिकायत थाना में की। उसने बताया की जब वह रंजन से बात करना बंद कर देती थी तो रंजन की पत्नी, बहन, भाई फोन कर दबाव बनाकर रंजन से बात करने पर मजबूर करते की अगर उससे बात नहीं करोगी तो वह जान दे देगा।पीड़ित युवती ने बताया की इतना ही नहीं मामले को दबाने के लिए रंजन के पिता, मां,भाई,बहन और पत्नी उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर रंजन के साथ बातचीत और संबंध बनाए रखने पर मजबूर किया गया। युवती ने बताया कि वह यह बात जानते हुए भी रंजन के झांसे में आ गई की वह शादी शुदा है और चार बच्चों का बाप है। महिला थाना के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया की पीड़िता के बयान के आधार पर रंजन सहित उसके परिवार के नौ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है। इस मामले में एक दोषी के द्वारा अपराध करने और उस मामले को दबाने के लिए उसके परिजनों के द्वारा अपराध करने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कार्यक्रम

## 11 जोड़ी शादी समारोह श्रद्धा के साथ संपन्न

# माताएं भारतीय संस्कृति की जननी हैं: अखिलेश

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** झारखंड बिहार राज्य सीमावर्ती क्षेत्र औरंगाबाद जिला स्थित गजना धाम परिसर में शुक्रवार को श्रद्धा और परम्परागत रूप से 11 (इगारह) जोड़ी शादी समारोह श्रद्धा के साथ हुआ संपन्न शादी कार्यक्रम के उपरांत जोड़ी सलामत के लिए मां भागवती गजनान माता से वर वधू ने मन्दिर फेरी कर लिया आशीर्वाद मौके पर धमोर्नुसार अखिलेश कुमार पासवान ने कहा कि जब से सृष्टि सनातन वैदिक है। गौतम बुद्ध सनातन परंपरा के उत्तराधिकारी थे



राजा बिक्रमादित्य के नाम पर विक्रमीय संवत चल रहा है कहा कि विश्वामित्र एवं परासर ऋषि जैसे लोग थोड़े से सावधानी से भुल गए और घटना घट गई बताया कि सबसे अच्छा गृहस्थ आश्रम को अपनाना है। भारतीय मताएं भारतीय संस्कृति की जननी है हममें और आपमें बहुत प्रकार का दोष है लेकिन मां सबको क्षमा करती है दुनिया में ऐसा प्राणी नहीं है जो पाप नहीं किया है।

उन्होंने कहा भगवान श्री राम ने जब अपने पिता भाई पत्नी के नहीं हुए तो मेरे आपके क्या होंगे राजा किसी पत्नी बेटा भाई का नहीं होता जो न्याय के लिए होता है। वहीं राजा होता है न्याय के लिए मयार्दा का पालन करने वाले का नाम है श्रीराम है। सनातन वैदिक परंपरा 50 हजार करोड़ बर्ष पहले का है कलयुग की आयु चार लाख बत्तीस हजार बर्ष है, इसकी दुगना आयु द्वापर युग की है तीन गुना सतयुग की है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से जन्मो का नष्ट होते हैं पाप उन्होंने कहा कि जो मानव मां भागवती गजनान की श्रद्धा और भक्ति एवं शुद्ध घी को अगरवटा बनाकर चढ़ावा चढ़ाते हैं । उसे गजनान माता सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य हमारी निंदा करता है वह हमारे अवगुणों को नाश करता है अभिमान मानव को कभी महसूस नहीं होने देता कि मानव के अंदर बुराई का समावेश है।

> **भगवान श्री राम ने जब अपने पिता भाई पत्नी के नहीं हुए तो मेरे आपके क्या होंगे राजा किसी पत्नी बेटा भाई का नहीं होता जो न्याय के लिए होता है**

# अटरिया श्री रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री रुद महायज्ञ के छठे दिन शुक्रवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीरुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। जहां प्रत्येक दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला में आमंत्रित देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जा रही है। नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शंकर पार्वती की प्रतिमा सहित शिवलिंग स्थापित किया गया।



वहीं छठे दिन सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 11 ब्राह्मणपुत्र का यज्ञोपवीत यानी जनेऊ कराया गया। इसके लिए वैदिक रीति रिवाज के साथ हल्दी रश्म, परिक्षण, मुंडन आदि कार्यक्रम करते हुए यज्ञशाला मंडप में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञ के सातवें दिन यानी शनिवार को हवन पूजन के साथ यज्ञ संपन्न होगा। विदित हो कि रविवार को जलयात्रा के साथ सात दिवसीय यज्ञ की शुरूआत की गई थी। जहां प्रत्येक दिन प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों के द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजन कार्यक्रम होता रहा है।

एक नजर

## 10 हजार का इनामी कुख्यात गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस टीम ने टॉप 20 श्रेणी में शामिल 10 हजार का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दौरान मिली गुप्त सूचना पर एएसपी सदर शिखर चौधरी के नेतृत्व में छतौनी थाना पुलिस ने छापेमारी कर हत्या एवं लूट कांड में वांछित 10 हजार रुपए का इनामी और जिले के टॉप-20 श्रेणी में शामिल कुख्यात अपराधी पश्चिम चंपारण के रामनगर थाना क्षेत्र निवासी लारेब खान उर्फ समीर खान को खोदानगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके विरूद्ध छतौनी थाना में हत्या,लूट व आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज है, जिसमे उसकी तलाश की जा रही थी।इस संदर्भ में छतौनी थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी टीम में एएसपी सदर शिखर चौधरी,छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार,पीएसआई मुकेश कुमार व छतौनी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## गैस सिलेंडर से घर में लगी आग

**नवादा।** रसोई गैस के पाईप में रिसाव से शुक्रवार को घर में आग लग गई। घर में मौजूद लोग तो बाल-बाल बच गए, लेकिन सारा सामान जल गया। लाखों मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हादसा नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव में हुआ। ग्रामीणों और फायर बिग्रेड के कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया गया है कि पंकज रविदास पिता जगदीश रविदास के घर गैस सिलेंडर से खाना बनाया जा रहा था। तभी पाइप में लिकेज से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया। पहले तो घर में खाना बना रही महिलाएं ने खुद आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रही। तब ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाई। जबतक ग्रामीण जमा हुए आग विकराल रूप ले चुका था। आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल हिसुआ थाना को फोन कर सूचित किया।

## पप्पू यादव के चार समर्थक डमी ईवीएम के साथ पकड़ी गयी

**पूर्णिया ।** सहायक खजांची के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा रजनी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान एक महिंद्रा जीप (थार) में बैठे चार व्यक्तियों के पास से तीन डमी ईवीएम बरामद किया । जिसमे से तीन बाहरी जिला गोपालगंज से चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए आए हुए थे । डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार व्यक्ति का नाम शमशुल हक अजाद पिता शोएब रहमान सा सरैया थाना गोपालगंज , विजय प्रताप सिंह पिता स्व नंदकिशोर सिंह सा. रूपनछाप थाना बरौली, रूकसार अहमद पिता मो हफीज सा. बगहा थाना थावे। अरविन्द साह पिता रामदेव साह सा शिवपुरी भट्टा बाजार थाना सहायक खजांची जिला पूर्णिया के विरूद्ध चुनाव आचार संहिता में दिए गए निदेर्शों का पूर्ण रूप से उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## जारी रहेगी लू, दक्षिण में फिलहाल बारिश की संभावना नहीं

कोलकाता । गर्म अधिक बढ़ रहा है। बंगाल के तीन जिलों में वोटिंग चल रही है। दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट। गर्मी में वोटिंग लाइन में लगे लोग। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल कालबैसाखी की कोई संभावना नहीं है। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। शुक्रवार को यह 41 डिग्री था। वहीं न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस था। रविवार को कोलकाता का तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। दक्षिण बंगाल के सभी जिले लू की चेतावनी के तहत हैं। दक्षिण बंगाल के पांच जिलों में शुक्रवार और शनिवार को लू के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। दो मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान, झाड़ग्राम और बांकुरा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अन्य दक्षिणी जिलों में मंगलवार तक लू चलने की संभावना है। बीरभूम, पूर्वी बर्दवान, हावड़ा, हुगली और दो 24 परगना के कुछ हिस्सों में गंभीर लू की ऑरेंज चेतावनी दी गयी है। कुछ जिलों में बारिश की भी संभावना है। कोलकाता, पुरुलिया, नादिया और मुर्शिदाबाद में लू चलेगी लेकिन तीव्रता कम होगी। लू के साथ-साथ सभी दक्षिणी जिलों में गर्म और असुविधाजनक मौसम बना रहेगा। उत्तर बंगाल के निचले इलाकों में भी लू की चेतावनी जारी है। पहाड़ी जिलों में बारिश घटेगी, तापमान बढ़ेगा। उत्तर बंगाल के छह जिलों में बढ़ेगी गर्मी और बेचैनी। इसमें मालदा और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में अत्यधिक गर्मी की चेतावनी शामिल है। दक्षिण दिनाजपुर में लू की ऑरेंज चेतावनी। कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में गर्म और असुविधाजनक मौसम के लिए येलो चेतावनी जारी की गई है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग के पहाड़ी इलाकों में छिटपुट हल्की बारिश की संभावना है। उत्तर बंगाल के सभी पहाड़ी और मैदानी जिलों में तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इस बीच, अगले तीन दिनों तक दक्षिण बंगाल में दिन का तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

### नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# केंद्र का पैसा खा जाते हैं ममता के मंत्री: पीएम

**पीएम मोदी ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि या तो मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या फिर अगला जन्म मेरा यहीं होने वाला है**



एजेंसी

**कोलकाता।** देश भर के 13 राज्यों की 88 सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण के लिए मतदान के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि केंद्र से जो भी पैसा बंगाल के लोगों के लिए भेजा जाता है, उसे ममता बनर्जी के मंत्री और नेता खा जाते हैं। मालदा में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए हैं कि मैदान छोटा पड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को यहां तकलीफ हो रही है। इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। बंगाल के लिए फिक्रमंद होने की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि या तो मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या फिर अगला जन्म मेरा यहीं होने वाला है। तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां क्या-क्या नहीं हो रहा है। यहां शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने गरीबों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना को रोक रखा है। इसके अलावा हमने बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आठ हजार करोड़ रुपये भेजे हैं। इसे भी बंगाल की टीएमसी सरकार ने रोक रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल को आपकी चिंता और परेशानी से कोई लेना-देना नहीं है। ये चाहते हैं कि बंगाल में वंदे भारत ट्रेनें ठप हो जाएं। हम कहते हैं कि मालदा के किसानों का आम और मखाना पूरी दुनिया में मशहूर है। उनकी आमदनी बढ़े और ज्यादा पैसा मिले। हम कहते हैं कि इसके लिए हम फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाएंगे लेकिन तृणमूल के लोग कहते हैं कि हमें कटमनी मिलनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि मां, माटी और मानुष के नाम पर आई तृणमूल ने महिलाओं का सबसे ज्यादा नुकसान किया है। मोदी ने कहा कि हमने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक खत्म किया तो तृणमूल सरकार उसके खिलाफ रही। इसके अलावा संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को बचाती रही। नागरिकता संशोधित कानून पर उन्होंने कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख और ईसाई लोगों का यदि किसी देश में उत्पीड़न होता है तो वे कहां जाएंगे। उन लोगों को हम नागरिकता दे रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर से देश की संपत्ति को मुसलमान में बांटने की कांग्रेस की योजना पर कहा कि वे कहते हैं कि हमारे पास एक्सरे है, जिससे पता लगाएंगे कि किसके पास क्या है और उसे ले लेंगे। पीएम मोदी ने टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी और कांग्रेस को जोड़े रखने का सबसे बड़ा चुंबक है तुष्टिकरण। तुष्टिकरण के लिए ये दोनों पार्टियां कुछ भी कर सकती हैं। तुष्टिकरण की खातिर ये लोग देशहित में लिए गए हर निर्णय को वापस पलटना चाहते हैं। तृणमूल वाले भी राहुल गांधी के इस मंसूबे के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है।

## बालुरघाट में किन्नरों ने किया मतदान मताधिकार का प्रयोग करने पर जताई खुशी



एजेंसी

**दक्षिण दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल के तीन लोकसभा सीटों दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में शुक्रवार को मतदान हो रहा है। बालुरघाट में आम लोगों की तरह तीसरे लिंग (थर्ड जेंडर) के 79 लोग मतदान करने पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट केंद्र पर थर्ड जेंडर मतदाता अपने वोटर कार्ड के साथ खड़े थे। बालुरघाट के वार्ड संख्या 21 के सामुदायिक भवन में मतदान चल रहा है। यहां सुबह महिलाएं और पुरुष वोट डालने पहुंचे। थर्ड जेंडर मतदाता चंपा कतार में खड़े बुजुर्गों के साथ वोट देने पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मतदान करना अच्छा लगता है। शांत और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने के लिए अलग व्यवस्था के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास पहले कोई वोटर कार्ड नहीं था। उन्हें अपना कार्ड मिले 10 साल हो गए हैं। इस बार वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर सके हैं। बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय बलों की 73 कंपनियां तैनात हैं। इस वर्ष बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में 36 बूथ महिलाओं द्वारा संचालित हैं।केंद्रीय बलों की महिला सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षा की कमान संभाल रही हैं। उल्लेखनीय है कि बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभाएं बालुरघाट, कुमारगंज, तपन, गंगारामपुर, कुशमंडी, हरिरामपुर और इटाहार शामिल हैं।

## एआईएमआईएम नेता सहित अन्य लोगों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज



एजेंसी

**किशनगंज।** किशनगंज में एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी सहित अन्य लोगों के खिलाफ सदर थाना में कांग्रेस सांसद डॉ. जावेद आजाद ने गुरुवार की देर रात मामला दर्ज करवाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर राजद कांग्रेस व एआईएमआईएम उम्मीदवार को समर्थन को लेकर फर्जी प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. जावेद आजाद ने सदर थाने में शिकायत कराई थी।

शुक्रवार को किशनगंज में मतदान हो रहा है। उससे पहले कई फेसबुक अकाउंट और वाट्सएप पर यह पोस्ट कर दिया गया कि डॉ. जावेद ने एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल ईमाम को समर्थन कर दिया है, जिसके बाद गुरुवार की देर रात डॉ. जावेद आजाद सदर थाना पहुंचे और उन्होंने कई लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

डॉ. जावेद ने बताया कि साजिश के तहत इस तरह का पोस्ट वायरल किया गया है ताकि उन्हें हराया जा सके लेकिन क्षेत्र की जनता काफी समझदार है,जिन्होंने इस तरह का फर्जी प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शुक्रवार को भी एक फेक ऑडियो वायरल किया गया है। सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मुस्लिम बहुल किशनगंज में मुकाबला दिलचस्प है।

## 26 हजार नौकरियां रद्द ,मोदी ने तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया

संवाददाता

**कोलकाता।** मालदा में एक सार्वजनिक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। दूसरे चरण के मतदान के दिन मोदी की मालदा उत्तर और दक्षिण में जनसभाएं थी। यह सभा मालदा दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार श्रीरूपा मित्रा चौधरी और मालदा उत्तर से भाजपा उम्मीदवार खगेन मुर्मू के समर्थन में थी । मोदी ने जनसभा में एसएससी की 26 हजार नौकरियां रद्द केलिए तृणमूल पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'तृणमूल युवा समाज को बर्बाद कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार ने 26 हजार परिवारों की खुशियां छीन लीं। आजीविका चली गई। तृणमूल ने युवा समाज के विकास के सारे रास्ते बंद कर दिये हैं, मोदी के शब्दों में कहें तो तृणमूल सरकार ने इस परियोजना के लिए पैसा दिया है। मोदी ने कहा, "बांग्ला को 50 लाख से ज्यादा किसानों को आठ हजार करोड़ रुपये दिये हैं। लेकिन तृणमूल सरकार उस पैसे को किसानों तक नहीं पहुंचने दे रही है। परियोजना का पैसा



तृणमूल नेताओं ने ले लिया। केंद्र की सभी परियोजनाओं को बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। आयुष्मान योजना भी बंद कर दी गई। मोदी ने तृणमूल पर महिलाओं को धोखा देने का भी आरोप लगाया। मोदी के शब्दों में, संदेशखाली, मालदा में महिलाओं पर अत्याचार होता है। लेकिन तृणमूल सरकार अपराधियों को बचाने की कोशिश करती है।

मोदी ने जनसभा में तृणमूल-कांग्रेस के बीच तनाव के आरोप भी लगाए। उनके शब्दों में, 'तृणमूल और कांग्रेस आपस में टकराव का खेल खेलते हैं, लेकिन सच तो ये है कि उनका व्यवहार एक जैसा ही है। उनकी एकता का सबसे बड़ा स्रोत तोशान है। दोनों पार्टियों में तोषण के लिए होड़ मची हुई है।

## किशनगंज लोकसभा सीट पर मुस्लिम वोटर ही तय करते है किसी प्रत्याशी की हार और जीत

एजेंसी

**किशनगंज।** किशनगंज लोकसभा सीट पर सबकी नजरें टिकी है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर मुस्लिम वोटर ही किसी प्रत्याशी की हार और जीत तय करते हैं। लोकतंत्र के महापर्व को लेकर जिले की मुस्लिम महिलाओं में उत्साह का माहौल है। सुबह से ही मुस्लिम महिलाएं घर से निकलकर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही हैं। मताधिकार का इस्तेमाल करने के बाद मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि उन्होंने विकास के मुद्दों पर अपना मतदान किया है। जिले में 67 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है और ऐसे में मतदान की सुबह से ही पोलिंग बूथ पर मुस्लिम मतदाताओं की कतार देखने को मिल रही है। वहीं यहां 33 प्रतिशत हिंदू वोटर हैं। किशनगंज लोकसभा सीट पर 18 लाख 21 हजार 960 मतदाता 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। लोकसभा क्षेत्र में



कुल 1781 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें 258 संवेदन शील बूथ घोषित किया गया है। मुस्लिम महिला मतदाता ने कहा कि हम लोगों ने काम करने वाले और क्षेत्र का विकास करने वाले जनप्रतिनिधि को अपना वोट दिया है। किशनगंज गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है और इस मिसाल को बरकरार रखना हम लोगों का दायित्व है। मजहब और जाति से ऊपर उठकर हम लोगों ने अपना मतदान किया है, सभी पहले मतदान करें फिर जलपान। गौर करे कि किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें अमौर व बायसी विधानसभा पूर्णिया जिला में आता है। वहीं मतदान केंद्र पर सुरक्षा को लेकर केंद्रीय बल के 30 कंपनी इरत्र्ढ रइ पहुंचे हैं। वहीं हजारों की तादाद में दूसरे जिलों से बिहार पुलिस के जवान भी आए हैं। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बल और जिला पुलिस बल को मतदान केंद्रों में तैनात किया गया है ताकि किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो। लोकतंत्र का महापर्व के मतदान को लेकर जिले में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।इस लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने के कारण पूरे देश की नजर किशनगंज संसदीय सीट पर टिकी हुई है। जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम, कांग्रेस प्रत्याशी जावेद आजाद और एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल इमाम के बीच काटे की टक्कर है ।

## बीरभूम बीजेपी उम्मीदवार का नामांकन रद्द

**कोलकाता।** बीरभूम से बीजेपी उम्मीदवार देबाशीष धर की नामांकन रद्द कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी का नामांकन रद्द कर दिया गया क्योंकि वह नो-ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं दिखा सके। हालांकि, देबाशीष ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बावजूद नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। वह हाई कोर्ट जा रहे रहे हैं। इस बीच, एक अन्य भाजपा उम्मीदवार देवतानु भट्टाचार्य ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उनका नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। संयोग से, भाजपा के घोषित उम्मीदवार देबाशीष धर ने मंगलवार को बीरभूम सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किये थे। इसके बाद से वह लगातार प्रचार कर रहे थे। लेकिन उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, जब उन्होंने पुलिस सर्विस छोड़ी तो उन्हें राज्य सरकार से क्लीयरेंस नहीं मिली।

## मोदी के रहते न तो संविधान पर खतरा और न आरक्षण पर : चिराग पासवान



एजेंसी

**अररिया।** अररिया के फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हुंकार भरी।उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के द्वारा संविधान को खतरा और आरक्षण हटाने की भ्रम वाली बात जनता में फैला रही है।जो नामुमकिन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जब तक देश में प्रधानमंत्री हैं तब तक न तो संविधान को कोई खतरा है और न ही आरक्षण व्यवस्था पर।उन्होंने अपने पिता रामविलास पासवान के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि चिराग पासवान के रहते संविधान और आरक्षण पर किसी तरह की आंच नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत निर्माण को बात करते हैं और यह विकसित भारत देश के अभी राज्य,जिले,प्रखंड,पंचायत से लेकर हरेक गांव तक विकसित होने करने की बात कही। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने जयप्रकाश नारायण के अनुयायियों के कांग्रेस के गोद में जाने की बात करते हुए कहा कि यह कांग्रेस 1975 देश में आपातकाल लाई थी,जो संविधान और लोकतंत्र का हत्या था। उन्होंने कहा कि 1990 के राजद वाला काल याद रखना चाहिए।किस तरह बिहार में मां बहने सुरक्षित नहीं थी और आज भी राजद वाले मां बहन को गाली देने से गुरेज नहीं करते।

### दीपरंजनी फाउंडेशन में ऑटिज्म जागरूकता माह के अवसर पर

# 'समावेशिता' का जश्न मनाते हुए ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेज शुरू किया

संवाददाता

**कोलकाता।** न्यूरो-विकास संबंधी विकलांग व्यक्तियों के व्यावसायिक पुनर्वास के लिए समर्पित संगठन, दीपरंजनी फाउंडेशन, ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेजङ्क शीर्षक से अपनी आगामी प्रदर्शनी की घोषणा करते हुए रोमांचित है। ऑटिज्म जागरूकता माह के उपलक्ष्य में आयोजित यह गहन प्रदर्शनी, उपस्थित लोगों को न्यूरो-विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों के अनूठे दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती है।

प्रदर्शनी 26 और 27 अप्रैल, 2024 को दीपरंजनी फाउंडेशन परिसर में होगी, जिसमें उपस्थित लोगों को दो दिनों की खोज, खोज और जुड़ाव की पेशकश की जाएगी। 26 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक और 27 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक, आगंतुकों को



संवेदी अनुभवों की समृद्ध टेपेस्ट्री में तल्लीन करते हुए, किसी अन्य की तरह यात्रा पर निकलने का अवसर मिलेगा। न्यूरोडायवर्स व्यक्तियों के जीवन को परिभाषित करें ङ्कदीपरंजनी फाउंडेशन में, हम समावेशी स्थान बनाने में विश्वास करते हैं जहां हर किसी को उनकी अद्वितीय क्षमताओं और दृष्टिकोण के लिए मनाया जाता है, दीपरंजनी फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. अमृता पांडा ने कहा। 'ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेज' के माध्यम से, हमारा उद्देश्य पूर्व धारणाओं को चुनौती देना, सहानुभूति को बढ़ावा देना और न्यूरो-विविधता की समझ को बढ़ावा देना है। हम उपस्थित लोगों को अन्वेषण और खोज की इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। प्रदर्शनी में इंटरैक्टिव द्वीपों की एक श्रृंखला होगी, जिनमें से प्रत्येक संवेदी अनुभव के एक अलग पहलू की झलक पेश करेगा। उपस्थित लोग स्पाइस द्वीप का पता लगा सकते हैं, जहां वे विदेशी मसालों की सुगंध का आनंद लेंगे और विशेषज्ञ मसाला निमार्ताओं को काम करते हुए देखेंगे। क्राफ्ट आइलैंड प्रतिभाशाली शिल्पकारों द्वारा बनाई गई सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन करेगा, जबकि बेकर्स आइलैंड ताजा बेक्ड कुकीज और केक की स्वादिष्ट सुगंध से आगंतुकों को लुभाएगा।

इन संवेदी अनुभवों के अलावा, उपस्थित लोगों को न्यूरो-विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों के साथ बातचीत करने, उनके अनुभवों के बारे में जानने और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की एक श्रृंखला को ब्राउज करने का अवसर मिलेगा। विशेषज्ञ कारीगरों द्वारा तैयार किए गए कपड़ों और बैगों से लेकर अद्वितीय कंप्यूटर-जनित कलाकृति और तस्वीरों तक, उपस्थित लोगों को इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों का समर्थन करने और उनकी रचनात्मकता का एक टुकड़ा घर ले जाने का मौका मिलेगा।

दीपरंजनी फाउंडेशन के सीएमओ मितुल दास ने कहा, हम समुदाय को 'ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेज' में शामिल होने और दुनिया को एक नई रोशनी में अनुभव करने के लिए आमंत्रित करने के लिए उत्साहित हैं।

## शाहजहां के गढ़ में अस्त्रभंडार ! सीबीआई की तलाशी में विदेशी आग्नेयास्त्र और बम बरामद

संवाददाता

**कोलकाता।** शेख शाहजहाँ के गढ़ में अस्त्रभण्डार का खोज। और उस हथियार की तलाश में सीबीआई ने संदेशखाली के सरबेरिया के अग्रघाटी के मल्लिकपारा में छापेमारी की। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी हथियार और बम बरामद किये गये। सीबीआई को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिला था कि संदेशखाली के अगरघाटी ग्राम पंचायत के तृणमूल पंचायत सदस्य हफीजुल खान की जमाई अबू तालेब मोल्ला के घर में आग्नेयास्त्र और बम रखे गए हैं। उस सूचना के आधार पर केंद्रीय जांच एजेंसी की 10 सदस्यों की



टीम ने शुक्रवार सुबह छापेमारी की। उनके साथ केंद्रीय बल भी थे। सीबीआई के साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी थे। बमों का पता लगाने के लिए विशेष स्कैनर भी ले गए थे । मौके पर पहुंची सीबीआई ने तृणमूल नेता के करीबी रिश्तेदार के घर का फर्श तोड़ दिया। सीबीआई ने वहां से आग्नेयास्त्र बरामद किये। सूत्रों के मुताबिक इसमें विदेशी हथियार भी है। एक बम भी मिला। सीबीआई अधिकारी अभी भी निश्चित नहीं हैं कि मछली के तालाबों से घिरे घर में हथियार क्यों जमा किए गए थे। लोकसभा चुनाव सामने है। जिस क्षेत्र में हथियारों का भंडार मिला, उसे शाहजहां गढ़ के नाम से जाना जाता है। बता दें कि ईडी 5 जनवरी को इसी इलाके से सटे अकुंजबेरिया में शाहजहां की तलाश में गई थी। वहां केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमला किया गया। इसके बाद एक के बाद एक शाहजहाँ के कारनामे सामने आयी है। उन पर भूमि और भेदी दखल के आरोप लगाये गये। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के भी आरोप लगे। हर तरफ हाहाकार मच गया।

## एक नजर

### व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश से की मुलाकात



**जमशेदपुर ।** सीतारामडेरा स्थित व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के अधिवक्ताओं ने तदर्थ समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार अम्बष्ट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तदर्थ समिति के सदस्य तापस कुमार मित्रा और जयप्रकाश के साथ बैठक भी की। जिसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल राज्य बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल के साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा से मुलाकात करने पहुंचा। इस दौरान व्यवहार न्यायालय बार भवन के पास व बाहर में रखे कंटेनर और टूटे हुए पार्क के मामले में बातचीत भी हुई। जिसपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अविलंब पार्क निर्माण का कार्य शुरू करने का आदेश दिया। वहीं अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक हमलोगों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक वे काम पर वापस नहीं जाएंगे। जिसके तहत शुक्रवार भी अधिवक्ताओं ने काम नहीं किया। साथ ही सभी अधिवक्ताओं ने मिलकर आवेदन पर हस्ताक्षर भी किया। मौके पर अजय सिंह राठौड़, संजीव रंजन परिहार, वरीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, अक्षय कुमार झा, जाहिद इकबाल, जितेंद्र कुमार दुबे, प्रवीण कुमार सिंह, लुसी कच्छप, संजीव कुमार झा, विजय कुमार सिंह, अमित कुमार, निरंजन झा, संजीत कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिंह, गौरव पाठक समेत अन्य मौजूद थे।

### दूसरे दिन मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया



**कोडरमा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों से कहा कि। मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रशिक्षण अतिमहत्वपूर्ण होता है, अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 500 मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया।

### कपाली में राकिब हत्याकांड के गवाह पर चली गोली, मामला संदिग्ध



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के कपाली ओपी अंतर्गत डांगोडीह निवासी मुबारक अंसारी पर शुक्रवार अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। जिसमें वे बाल-बाल बच गए। वहीं घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच के क्रम में दो खोखा और मैगजीन भी बरामद किया।साथ ही घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मगर जिस तरह से पुलिस ने खोखा और मैगजीन बरामद किया गया है। उससे पूर मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इस दौरान पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की। मगर किसी ने गोली चलने की पुष्टी नहीं की। वहीं मामले में मुबारक अंसारी ने बताया कि वे आज मस्जिद से जुमे की नमाज पढ़कर आए और घर से कुछ दूरी पर एक दोस्त के साथ बैठकर बात कर रहे थे। इसी बीच अचानक एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उनपर फायरिंग कर दी। जबकि गोली पास स्थित दीवार में जा लगी। वहीं पुलिस को दीवार पर गोली के निशान नहीं मिले है। बताते चलें 4 नवंबर 2023 को कपाली क्षेत्र में हुए राकिब हत्याकांड में मुबारक अंसारी चश्मदीद गवाह भी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में डीसी ने जारी किया आदेश

# मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जाएगी**




संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित की है। इसलिए पूर्वी सिंहभूम में 25 मई को मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश मिलेगा। वहीं डीसी द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल व किसी अन्य स्थापना में नियोजित है एवं लोकसभा और विधानसभा में मतदान करने के हकदार है, को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जाएगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी संस्थान व दुकान (शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान, मॉल, दुकान समेत) लोकसभा निर्वाचन-2024 के क्रम में दिनांक-25 मई को मतदान के दिन बन्द रहेंगे। दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मी एवं आकस्मिक कर्मी भी अवकाश एवं मजदूरी के हकदार होंगे। यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी। जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के सम्बन्ध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सार्वजनिक हानि हो सकती है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उप श्रमायुक्त, उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, सहायक उप श्रमायुक्त, सहायक निदेशक, नियोजनालय और सभी श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही निर्देशित किया गया है कि उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हों। आदेश का उल्लंघन, कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दंडनीय होगा।

### मानगो में 1000 रुपए रंगदारी न देने पर दुकानदार पर की थी फायरिंग

**जमशेदपुर ।** बीते 5 अप्रैल मानगो थाना अंतर्गत संकोसाई रोड नंबर 1 निवासी दुकानदार वैधनाथ कुमार साहू पर रंगदारी न देने के कारण दो आरोपियों द्वारा गोली चालन की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में पुलिस टीम ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें ओलीडीह निवासी विवेक तिवारी और आकाश गिरी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ऑफिस में एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत ने प्रेसवार्ता कर किया। उन्होंने बताया कि दुकानदार वैधनाथ कुमार साहू से आरोपियों ने 1000 रुपए रंगदारी मांगी थी।

## अखिल भारतीय संत समिति योगी सुषमा सुमन को सम्मानित करेगा



संवाददाता

**कोडरमा ।** पतंजलि परिवार में बहुत खुशी की बात है। योगी सुषमा सुमन को एक सम्मान दिया जा रहा है, यह सम्मान अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रदेश के द्वारा धनबाद में संतों का सम्मेलन हो रहा है, उसी सम्मेलन में विगत 21 वर्षों से लगातार निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र के प्रति प्रत्येक दिन सेवा चाहे धूप हो या बरसात हो, कड़ाके की ठंड हो, तीनों मौसम को झेलते हुए और हर मौसम को दरकिनार करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा करना, चाहे योग हो यह आयुर्वेद हो या नारी शक्ति का उत्थान हो मतदाता जागरूकता हो या पेड़ पौधा लगाना हो, नशा मुक्ति अभियान हो , मातृशक्ति को आत्म सुरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा तक के लिए प्रेरित करना. चाहे लाठी सीखने का हो या तलवार चलाने सीखने की बात हो, घर-घर जाकर मातृशक्ति को प्रेरित करके घर से बाहर निकल कर और नियमित योग शिविर लगाने की बात हो । आज हजारों बहन घर से बाहर निकल कर योग भी कर रही है और शिविर भी लगा रही है। सुषमा सुमन का यही एक सपना है कि प्रत्येक व्यक्ति घर से बाहर निकल कर योग करें, स्वस्थ रहें, समृद्ध रहे । आज इसी कार्य की पद्धति को देखते हुए अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रदेश धनबाद में एक सम्मान किया जा रहा है। इसके पहले 26 जनवरी भारत सरकार ने सम्मानित किए थे । 10 अप्रैल को झारखंड सरकार के द्वारा सम्मानित किया गया था। लगातार उनके कार्यों की पद्धति जो सेवा चल रही है समाज और राष्ट्र को मजबूत करने के लिए यह कार्य हो रहा है जो भी सम्मानित किया जा रहा है । कोडरमा जिला परिवार का यह समर्पित सम्मानित है। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि सुषमा सुमन 27 अप्रैल को धनबाद निकल रही है और 28 अप्रैल को सम्मान सम्मेलन में भाग लेगी और यह सम्मान मिलने पर बधाई देने वाले कोडरमा जिला के गार्जियन अभिभावक, डॉ जे पी एन बर्नवाल, चंदन मोदी , बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर सेवा निवृत्त आलोक कुमार सिंह, पूर्व जिला न्यायाधीश श्री अर्जुन मोदी मोदी बर्नवाल, महिला समिति के संरक्षक श्री माती गायत्री देवी, साहू समाज के सुभाष गुप्ता, सुभाष बर्नवाल , विजय बर्नवाल, दिलीप मोदी, मुरली मोदी, पंकज बर्नवाल , उपेंद्र दुबे, राजेश वर्मा , राजेश यादव, गोवर्धन यादव , मुरली मोदी, ज्योति वर्मा, डॉक्टर मनोज कुमार सभी योग शिक्षक शिक्षिकाओ ने सुषमा सुमन को बधाई दी।

मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा का पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

## महिलाओं ने बच्चों को प्रतिदिन 20 मिनट योगा करने के लिए किया प्रेरित



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन शुक्रवार को योगा एवं मेडिटेशन पर एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बच्चों में इम्युनिटी का मजबूत होना आवश्यक बताते हुए कहा कि योग से इम्यूनिटी में सुधार आता है। साथ ही योग की मदद से बच्चों का पेट दर्द, अपच, पेट फूलना जैसी आम समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। वहीं शिल्पी पलसानिया (हौट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड-2022) ने बच्चों को बताया कि योग एक प्राचीन कला है और जो मन और शरीर को जोड़ती है। यह एक व्यायाम है और जिससे हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित कर सकते हैं। इसके अलावा यह हमें ध्यान और आराम करने में मदद भी करता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिदिन 20 मिनट सभी को योगा करना चाहिए। इसी तरह शाखा सचिव पूजा अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में बच्चों को योगासन भी दिखाया गया। जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। नियमित योगाभ्यास से सेहत को कई लाभ होते हैं। इसलिए बच्चों को सक्रिय और आत्मविश्वास बढ़ाने में योग बहुत ही उपयोगी है। शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में स्कूल के सभी अध्यापकों एवं पदाधिकारियों को दुपट्टा एवं गुलाब फूल देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक ने सुरभि शाखा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यशाला अवश्य आयोजित होना चाहिए। जिससे बच्चों को कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, स्वास्थ्य संयोजिका अनीता अग्रवाल, उषा चौधरी, पिंकी अग्रवाल समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक




संवाददाता

**झुमरी तलैया ।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11:00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है । जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी, एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे । कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को आदरणीय अन्नपूर्णा देवी जी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए। कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता,राजकुमार यादव, सुधीर यादव,जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, रामचन्द्र राम,कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

### लायंस क्लब भारत ने बीट द हीट अभियान के तहत लोगों को पिलाई लस्सी

**जमशेदपुर ।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत द्वारा शुक्रवार साकची न्यू बाराद्वारी देवनगर स्थित शास्त्री आश्रम के पास राहगीरों के बीच लस्सी का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सदस्य राजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमारे क्लब के अध्यक्ष भरत सिंह के निर्देश पर गर्मी को देखते हुए हमारे क्लब द्वारा अप्रैल के शुरूआत से ही आम जनमानस के लिए बीट द हीट अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत क्लब द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राहगीरों एवं मजदूरों के बीच नाश्ता एवं ठंडा पेय पदार्थ का वितरण किया जा रहा है। ताकि इस भीषण से राहगीरों को राहत मिल सके। मौके पर विक्की श्रीवास्तव, राजीव कुमार, विकास झा, विजय सोनी, आकाश कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, मनप्रीत सिंह, बलराम बेगा, निर्मल, भरत कुमार, गुरेख महाकुड़ समेत अन्य मौजूद थे।

## कदमा में टाटा स्टील कर्मी युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत मेन रोड गणेश पूजा मैदान के पास क्वार्टर नंबर 28 एल-5 निवासी टाटा स्टील कर्मी 21 वर्षीय युवक मनीष दास ने वेंटीलेशन के रस्सी के सहारे फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना पाकर संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रस्सी को काटकर शव नीचे उतारा। इस दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ भी लग गई थी। मामले में बताया जा रहा है कि बीते 14 अप्रैल से मृतक के पिता पीके दास बेटी की शादी के लिए पत्नी के साथ बैंगलोर गए हुए हैं। जबकि मनीष घर पर अकेला ही था। उसके पिता ने जॉब फॉर जॉब के तहथ उसे अपनी नौकरी दी है और क्वार्टर भी उसी के नाम पर है। बीते दो दिनों से मनीष घर से बाहर ही नहीं निकला। जिसको लेकर उसके घर के बाहर कपड़े की दुकान लगाने वाले दुकानदार भाटिया बस्ती निवासी विनोद राम ने शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे इसकी जानकारी थाने को दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार 2 बजे भी उन्होंने मनीष को घर पर आवाज लगाई थी। मगर अंदर से कोई जबाब नहीं मिला। जिसके बाद वे दुकान समेट कर घर चले गए। वहीं आज सुबह आने के बाद भी उन्होंने मनीष को आवाज लगाई। मगर जब जवाब नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और सामने का ग्रील व दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो पीछे वाले कमरे में मनीष फंदे पर लटका हुआ मिला। साथ ही कमरे का एसी भी चल रहा था। इसी तरह कमरे में सिगरेट और गोगो पैकेट भी काफी मात्रा में पाया गया। जबकि आस-पास के लोगों ने बताया कि पहले वह शराब पीने का आदी था। मगर दुघर्टना होने के बाद से उसने शराब पीना कम कर दिया था। उसका अपने माता-पिता से झगड़ा भी होता था। पूर्व में उसने आत्मदाह करने की कोशिश भी की थी। मगर वह बच गया।

कदमा में दुकानदार उड़ा रहे हैं नियमों की धज्जियां

## स्कूलों के आस-पास खुलेआम बिक रही है मटन और चिकन





संवाददाता

**जमशेदपुर ।** कदमा क्षेत्र में दुकानदार नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम मटन और चिकन का धंधा कर रहे हैं। सिर्फ यही नहीं स्कूलों के आस-पास दुकानदार खुले में मटन लटका कर इसे बेच भी रहे हैं। तो और इससे निकलने वाली गंदगी को भी दुकानदार सड़कों के किनारे और नालियों में बहा रहे हैं।

**बाल्डविन और टाटा वर्कर्स यूनियन स्कूल के पास 9 दुकानें हो रही संचालित :-**

वहीं दुकानदारों द्वारा बाजार से नीचे कदमा बाल्डविन फार्म एरिया हाई स्कूल और भाटिया बस्ती स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल के पास 9 दुकानों का संचालन खुले तौर पर किया जा रहा है। फिर चाहे क्यूं न इन सबका असर छात्रों पर पड़ रहा हो। ये सभी दुकानें टाटा स्टील की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई है। जिसमें जुगसलाई का मंजूर अली व मुकेश दुर्गे, मृतक पारस, सीमा दीप, फंटूश, माटू मटन वाला और केदार खस्सी वाला समेत अन्य दुकानदार शामिल हैं। ये सभी दुकानदार दोनों स्कूल के चारों तरफ धंधा कर रहे हैं। जबकि भाटिया पार्क के बगल में भी जुगसलाई का दुकानदार नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम लटकाकर मटन बेच रहा है।

**कदमा बाजार में मछली दुकानदारों ने किया स्लॉटर हाउस पर कब्जा :-** बताते चलें कि कदमा बाजार में मछली और मटन दुकानदारों के लिए एक साथ स्लॉटर हाउस की व्यवस्था की गई थी। मगर आज उसपर मछली दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। जिससे राहगीरों के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी हो रही है। मगर इसके लिए कोई आवाज उठाने को तैयार ही नहीं है। जिससे दुकानदारों का मनोबल सातवें आसमान पर है और वे खुलेआम धंधा कर मालामाल हो रहे हैं।

**झारखंड हाईकोर्ट ने मांगी जानकारी :-**झारखंड हाईकोर्ट ने खुले में मांस की बिक्री और प्रदर्शन करने के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के सभी जिलों के एसएसपी से इसकी जानकारी भी मांगी है। साथ ही अदालत ने इसके विरुद्ध जांच अभियान चलाकर मांस विक्रेताओं के पास लाइसेंस है या नहीं, इसकी भी जानकारी देने को कहा है।

**क्या कहा जिले के एसएसपी ने :-** इस संबंध में जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर अनाधिकृत रूप से संचालित मटन और चिकन दुकान के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आदेश जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है। यह आदेश न केवल अवैध व्यापार को रोकने में कारगर साबित होगा। बल्कि समाज की सुरक्षा भी करेगा। इनके खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी भी है।

## अभिभावक संघ और अभिभावकों ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** शहर के अलग अलग निजी स्कूलों के 9 और 11 वीं में कुल मिलाकर 2000 से भी ज्यादा संख्या में बच्चों के फेल होने की बात सामने आई थी। साथ ही बच्चों का इतनी बड़ी संख्या में फेल होने के मुख्य कारणों में जो बातें सामने आयी थी। उनमें मुख्य रूप से स्कूल के टीचरों द्वारा स्कूल में बच्चों पर ध्यान न देकर अपने टियूशन क्लास के बच्चों पर विशेष ध्यान देना और परीक्षा में आने वाले प्रश्नों के उत्तर को टियूशन में बच्चों को उपलब्ध करा देना। स्कूल में टीचरों का क्लास व विषयवार योग्यता है कि नहीं, इसपर भी सवाल उठता है। जिन स्कूलों में बच्चों को रि-टेस्ट का मौका देने पर फैसला नहीं हो पाया था। उनमें हिलटॉप स्कूल टेल्को, तारापोर स्कूल एग्रिको, नरवेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल बिष्टुपुर और एडीएल सनसाईन स्कूल कदमा था। इस संबंध में जमशेदपुर अभिभावक संघ लगातार इन स्कूलों में बच्चों को रि-टेस्ट मौका देने के लिए लगातार आंदोलन करता रहा और अब इन चारों स्कूलों के प्रबंधनों ने अपने स्कूल के बच्चों को रि-टेस्ट मौका दे दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम, जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम का सार्थक सहयोग रहा है। जिसके तहत शुक्रवार जमशेदपुर अभिभावक संघ द्वारा उन सभी पदाधिकारीयों को अभिभावकों संग सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### मैड्रिड ओपन: दूसरे दौर में पहुंचे राफेल नडाल, डी मिनौर से होगा सामना



**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गुरुवार को आसान शुरूआत करते हुए अमेरिका के डार्विन ब्लैंच को केवल 63 मिनट में 6-1, 6-0 से हरा दिया। हालांकि एक दिन पहले ही उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चितता जाहिर की थी। अपनी जीत के बाद स्पेनिश टीवी से बात करते हुए नडाल ने कहा कि वह हर पल का आनंद लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं कल (शुक्रवार) फिर से प्रशिक्षण लूंगा और परसों यहां वापस आऊंगा और यह बहुत अच्छा है। नडाल दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर से खेलेंगे। नडाल ने कहा पिछले सप्ताह ऐसा नहीं होना था और मुझे यकीन है कि यह सप्ताह भी कठिन होगा। मैं हर चीज में सुधार जारी रखना चाहता हूं और जो कुछ भी मेरे हाथ में है, मैं वह सब करूंगा। इससे पहले बुधवार को, शांग जुनचेंग ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ एक रोमांचक मैच 6-7 (9), 6-2, 7-6 (10) से जीता, एक मैराथन मैच का फैसला तीसरे सेट के टाईब्रेक में तय हुआ। महिलाओं के 64वें राउंड में, शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्विएटेक ने अपने मैड्रिड अभियान की शुरूआत चीन की वांग ज़ियू पर आसान जीत के साथ की उन्होंने वांग को 6-1, 6-4 से आसान शिकस्त दी। एक अन्य मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको ने जेसिका बौजस मनेइरो को 6-3, 6-1 से हराया।

### स्क्वैश: सेंथिलकुमार, आकांक्षा पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के क्वार्टरफाइनल में



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चल रहे 12,000 अमेरिकी डॉलर ईनामी पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, बैच ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वेलवन ने प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी माटेओ कारूगेट को हराया। सेंथिलकुमार ने शुरूआती दौर में बाई मिलने के बाद गुरुवार को दूसरे दौर में कैरौगेट को 29 मिनट तक चले मुकाबले में 11-4, 11-6, 11-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी से होगा। वहीं, राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंखे ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर मौजूद सालुंखे ने पहले दौर में बाई के बाद दूसरे दौर में ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 25 मिनट में 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय का अगला मुकाबला यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से होगा।

### शिवांश ने की शानदार बल्लेबाजी गुरुकुल ने जीता मैच

**लखनऊ।** एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मैच में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने ब्लैज विलो क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हरा दिया। इस मैच में शिवांश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाये। ब्लेज विलो क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शशि ने 10 रन बनाये। वहीं आयामंश ने 40 रन का योगदान दिया, जबकि तुशार ने 27 रन बनाये। वहीं राजवीर सिंह ने 50 रन बनाये, जबकि नीरज यादव और अब्दूल ने 12-12 रन का योगदान दिया। गुरुकुल क्रिकेट क्लब की टीम ने आठ विकेट गवांकर 201 रन बना लिये और मैच को दो विकेट से जीत लिया।

### सूरज ने की धुआंधार बल्लेबाजी, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने जीता मैच

**लखनऊ।** काल डेक्थ्लान फ्लैक्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने गुलमोहर क्रिकेट क्लब को 184 रन से हराकर बढ़त बना ली। मैच में सूरज कुमार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाये। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गवांकर 261 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज चंदन जायसवाल ने 13 चौका और दो छक्का की मदद से 28 बाल पर 73 रन बनाये। वहीं अंकित सिंह ने पांच चौका और पांच छक्का की मदद से 23 बाल पर 59 रन बनाये।

# सनराइजर्स 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी

● सत्र में केवल 41 मैचों में 700 से ज्यादा छक्के लग चुके हैं



**हैदराबाद। एजेंसी**

आईपीएल में इस बार अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने अबतक आईपीएल के इस सत्र में 100 से ज्यादा छक्के लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में जैसे ही पहला छक्का लगाया वैसे ही सनराइजर्स इस सत्र में 100 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। ये पहली बार है जब सनराइजर्स ने किसी सत्र में 100 से ज्यादा छक्के लगाये हैं। इस बार टीम ने 8वें मैच में ही अपने 100 छक्के पूरे कर लिए। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने इससे पहले साल 2022 सत्र में 97, 2016 सीजन में 89 जबकि 2018 सत्र में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही उसके नाम 108 छक्के हो गये हैं।

वहीं पिछले सीजन में मुंबई ने सबसे ज्यादा 140 छक्के लगाये थे। इस सत्र में सनराइजर्स अब तक 101 छक्के लगाकर शीर्ष पर है। वहीं आरसीबी 90 छक्के लगाकर उसके सबसे करीब है। वहीं दिल्ली कैपिटलस के बल्लेबाज 86 जबकि मुंबई के बल्लेबाजों ने अब तक 85 शतक लगाये हैं। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों ने सत्र में सबसे कम 39 छक्के लगाए हैं। वहीं, चेन्नई ने 65, पंजाब ने 61, कोलकाता ने 69, लखनऊ ने 62 तो राजस्थान ने 64 छक्के लगाए हैं।

वहीं आंकडों पर नजर डालें तो आईपीएल 2023 के 74 मैचों में रिकॉर्ड 1124 छक्के लगे थे जोकि आईपीएल इतिहास के एक सत्र में लगे सबसे ज्यादा छक्के हैं। वहीं इस सत्र में केवल 41 मैचों में 700 से ज्यादा छक्के लग चुके हैं। बता दें कि आईपीएल के 2022 सीजन में 1062, 2018 सीजन में 872, 2019 में 784, 2020 में 734 छक्के लगे थे।

## दो आर्चरी खिलाड़ियों का एशिया कप स्टेज-3 के लिए जूनियर भारतीय टीम में चयन



**भोपाल। एजेंसी**

भारतीय आर्चरी टीम का चयन शिविर 21 से 25 अप्रैल 2024 तक साई सोनीपत में आयोजित किया गया। इसमें मध्य प्रदेश के दो आर्चरी खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन किया गया है। इनमें आर्चरी अकादमी, जबलपुर की खिलाड़ी कृतिका बिचपुरिया और अमित कुमार शामिल हैं। दोनों खिलाड़ी 70 मी. रिकर्व इवेन्ट के खिलाड़ी है, जो 3 से 8 जून 2024 तक सुवॉन, कोरिया में आयोजित एशिया कप स्टेज-3 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स मेघालय में दोनों खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अर्जित किया था। उल्लेखनीय है कि मप्र राज्य आर्चरी अकादमी जबलपुर में स्थापित है। अकादमी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदान खेल का प्रदर्शन करते हुए 08 स्वर्ण, 05 रजत और 07 कांस्य सहित कुल 20 पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## चीन के वांग शुन ने अपने चौथे ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



● झानले ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल को 22.06 सेकंड में जीता और इस स्पर्धा में अपना छठा स्वर्ण पदक जीता
● पेंग ने 2 मिनट 07.57 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता

**शेनझेन। एजेंसी**

ओलंपिक चैंपियन वांग शुन ने गुरुवार को यहां चीन की राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर मेडले का खिताब जीता, और आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने ओलंपिक क्वालीफाइंग समय को पार करते हुए एक मिनट और 55.35 सेकंड में जीत हासिल की। झांग झांशुओ दूसरे और हे युबो तीसरे स्थान पर रहे। वांग ने जीत के बाद सिन्हुआ के हवाले से कहा, ₹मैं परिणाम से संतुष्ट हूं। उम्मीद है कि मैं 30 साल से अधिक उम्र के चीनी तैराकों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर सकता हूं, हम अभी भी ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं।

वांग ने पहले तीन ओलंपिक लंदन, रियो और टोक्यो में भाग लिया था, पेरिस उनका चौथा ओलंपिक होगा। वांग ने कहा मुझे उम्मीद है कि इस बार मैं अधिक निश्चिंत हो सकता हूं और बेहतर परिणाम हासिल कर सकता हूं। वहीं, पैन झानले ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल को 22.06 सेकंड में जीता और इस स्पर्धा में अपना छठा स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक यू हेक्सिन को रजत और शेन जियाहाओ को कांस्य पदक मिला। महिलाओं की 200 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में, पेंग जुवेई ने 2 मिनट 07.57 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, उसके बाद दूसरे स्तान पर लियू याक्सिन और तीसरे स्थान पर झांग जिंगयान रहीं।

## लखनऊ के सुपर्स को उसके ही घर पर देंगे राजस्थान के रायल्स कड़ी चुनौती



**लखनऊ/कानपुर। एजेंसी**

आईपीएल के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने विजयी अभियान को जारी रखने के लिए लखनऊ सुपर जायन्ट्स को उसी के घर में चुनौती पेश करेगी। शनिवार को खेले जाने वाले मुकाबले के लिए दोनों टीमों के बल्लेबाजों का फार्म में लौटना उनके लिए फलदायी वरदान साबित हो सकता है। इस सीजन का डबल डेकर मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों ही टीमों की कोशिश जीत के साथ सीजन में प्लेऑफ तक पहुंचने की होगी।

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2024 सीजन के मैच में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायन्टस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच नवाबों के शहर लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी सीजन के अपने पहले मुकाबले में संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायन्टस को चौथे मैच में 20 रनों से पराजित किया था। वहीं दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड आंकड़ों को देखा जाए तो उसमें अब तक राजस्थान रॉयल्स की टीम भारी दिखी है। तो वहीं दोनों टीमों का विजयी अभियान रोकने में एक दूसरे को सामने आना पड़ गया है। लखनऊ की ओर से मार्कस स्टायनिश और राजस्थांन रायल्स के यशस्वी जायसवाल आखिरी मैच में शतक लगाकर अपनी टीमों को जीत दिलाने में सफल भी रहे हैं।

आईपीएल में अब तक राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायन्टचस के बीच में चार बार भिड़ंत देखने को मिली है, जिसमें तीन बार राजस्थान की टीम ने जीत हासिल की है। तो वहीं सिर्फ एक बार लखनऊ की टीम जीत हासिल करने में कामयाब हो सकी है। वहीं जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच अब तक दो मुकाबले खेले गये हैं, जिसमें एक मुकाबला लखनऊ की टीम ने राजस्थान को उसके घर पर 10 रनों से मात दी थी तो दूसरा मुकाबला वह 20 रनों से हार गया था। चूंकि लखनऊ की टीम हाल ही में चेन्नई को दो बार और मुम्बई को एक बार पराजित कर चुकी है, जिससे टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है।

## 3,000 मीटर स्टीपलचेज में एकता, रणवीर ने जीते स्वर्ण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय एथलीटों ने गुरुवार को दुबई में 21वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन पुरुषों और महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपना दबदबा बनाये रखा, महिला वर्ग में जहां एकता डे ने स्वर्ण जीता, वहीं पुरूषों में रणवीर सिंह ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। भारत ने गुरुवार को चैम्पियनशिप में सात पदक जीते। एकता डे ने महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में 10:31.92 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुषों की प्रतियोगिता में रणवीर सिंह विजयी रहे, उन्होंने 9:22.62 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, अनुराग सिंह कलेर ने पुरुषों की शॉट-पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। कुल मिलाकर भारतीय एथलीटों ने गुरुवार को सात पदक जीते। सुबह के सत्र में, रेस वॉकर आरती ने महिलाओं की 10,000 मीटर में कड़े मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। आरती का 47:45.33 सेकंड का कांस्य जीतने का समय विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 49 मिनट के क्वालीफिकेशन समय से बेहतर था। बाद में, थ्रोअर्स ने टीम की संख्या में स्वर्ण सहित तीन और पदक जोड़े।

गोला फेंक में अनुराग सिंह कलेर को जमने में समय लगा। स्वर्ण के लिए उनका मुकाबला दक्षिण कोरियाई पार्क सिहून से हुआ। कलेर ने अपने अभियान की शुरूआत 18.44 के थ्रो के साथ की और दूसरे प्रयास में 18.69 मीटर तक पहुंचने के बाद अपने तीसरे प्रयास में 19.23 मीटर का स्वर्ण-विजेता थ्रो हासिल किया। चौथे और पांचवें प्रयास में कोई अंक नहीं था और छठा और अंतिम थ्रो 18.79 मीटर था। पार्क सिहून ने भी 19.23 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, लेकिन प्रतियोगिता में कलेर का औसत बेहतर होने के कारण उन्हें रजत पदक मिला, जिससे कोरिया स्वर्ण पदक जीतने से वंचित रह गया।

गत चैंपियन सिद्धार्थ चौधरी ने दूसरे प्रयास में 19.02 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। उनके अन्य थ्रो 19 मीटर के निशान से नीचे थे।

### बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक

**नई दिल्ली।** बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक कोलकाता में खेला जाएगा। लीग में 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। लीग की परिकल्पना आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। पुरुषों के मैच 11 जून को ईडन गार्डन्स में और महिलाओं के मैच 12 जून को जादवपुर यूनिवर्सिटी, साल्ट लेक कैंपस ग्राउंड में शुरू होंगे। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी। लीग के पहले दिन शाम को केवल 1 पुरुष मैच होगा और महिलाओं के मैच अगले दिन से शुरू होंगे। और वहां से हर दिन दो मैच खेले जाएंगे। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के मार्केटिंग प्रमुख ऋषभ भाटिया ने एक बयान में कहा सवोर्टेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, जिसे हाल ही में बंगाल प्रो टी20 लीग की एक टीम के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में शामिल किया गया है, खेल क्षेत्र में अपना कार्यकाल शुरू करने के लिए उत्साहित है। हम बंगाल प्रो टी20 लीग के माध्यम से खेल के क्षेत्र में कदम रखने को लेकर रोमांचित हैं। यह उद्यम न केवल ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि खेल के दुनिया में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरने की हमारी आकांक्षा को भी रेखांकित करता है।

# वाणिज्य



## बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों ने कमाए 17 हजार करोड़ रुपये



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। मुनाफावसूली के दबाव और कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई लेकिन दिन के कारोबार में बाजार पर ज्यादातर समय मंदड़ियों का दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.82 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान रियल्टी, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.83 प्रतिशत उछल कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में गिरावट आने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 404.35 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,913 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## डेलॉयट इंडिया ने भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया

**नई दिल्ली। एजेंसी**




वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फी फीसदी रहने का अनुमान जताया है। डेलॉयट ने निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह को इसकी मुख्य वजह बताया है।

डेलॉयट इंडिया ने शुक्रवार को भारत की आर्थिक परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। वित्तीय परामर्श कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूवार्नुमान को भी संशोधित कर 7.6 फीसदी से 7.8 फीसदी के बीच कर दिया है। डेलॉयट ने जनवरी में पिछले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 से 7.2 फीसदी की सीमा में रहने का अनुमान जताया था।

डेलॉयट ने अपने आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 फीसदी और उसके अगले वित्त वर्ष में 6.75 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने जारी बयान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में लगातार दूसरे दिन दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

बड़ी कंपनियों के नतीजों में आई गिरावट के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी निराशा को माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में गिरावट आ गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,048.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 100.99 अंक यानी 0.64 प्रतिशत टूट कर 15,611.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,131.60 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,078.86 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,016.65 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 171.52 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,917.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

## एक नजर

### हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा

**पोर्ट ऑ प्रिंस।** हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे कैरेबियाई देश में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हैती में लंबे समय से विभिन्न गिरोहों के बीच जारी हिंसा के कारण अनिश्चितता का दौर बना हुआ है। जनवरी से मार्च तक हिंसा में 2,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है अथवा घायल हुए हैं। हेनरी ने 24 अप्रैल को लॉस एंजिल्स में हस्ताक्षरित एक पत्र में अपना इस्तीफा दिया। हेनरी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को उनके इस्तीफे की घोषणा की। साथ ही यह भी बताया गया कि नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल चुनने के लिए एक परिषद का गठन किया गया है।

### पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू तेज

**कानपुर।** मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को लू चलने की चेतावनी जारी की है। पूरे उत्तर प्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही गंभीर रोगी, बच्चे एवं बुजुर्ग दोपहर के समय धूप में न निकलने से बचें। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि आगामी पांच दिन में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। ऐसा मौसम विभाग का पूवार्नुमान है।

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**बारामूला।** बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार रात को अंधेरा होने के चलते मुठभेड़ बंद हो गई।

### हापुड़ में फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट में जनपद हापुड़ के एक मतदान केंद्र के बाहर से शुक्रवार को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। वह उत्तर प्रदेश सरकार लिखी चार पहिया वाहन से मतदान केंद्र पर पहुंचा था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अभियुक्त का नाम अंकित है। उसके पास से उत्तर प्रदेश सरकार लिखी ऑल्टो कार, एक फर्जी आईकार्ड और वर्दी बरामद मिली है। युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भूसे के ढ़ेर में मिला लापता युवक का शव

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में दो दिन पूर्व बरात से लापता हुए युवक का शव शुक्रवार को घर से आधा किलोमीटर दूर खलिहान स्थित मड़हे में रखा भूसा के ढ़ेर में पाया गया। अजय कुमार का शव घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर खलिहान में मड़ाई कर रखे भूसे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता पहलोदी ने गुरुवार को बेटे की गुमशुदगी रिपोर्ट ड्रमंडगंज थाने में दर्ज कराई थी।

### इमरान और उनकी पत्नी पर राजनीतिक भड़काऊ बयान देने पर पाकिस्तान की अदालत ने लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर सेना समेत विभिन्न राजकीय संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने को लेकर बृहस्पतिवार को एक अदालत ने रोक लगा दी है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बसीर जावेद ने यह भी कहा कि मीडिया को अपनी रिपोर्टिंग अदालत की कार्यवाही तक सीमित रखनी चाहिए और उसे आरोपियों के बयानों की रिपोर्टिंग नहीं करनी चाहिए। आदेश के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने सेना, न्यायपालिका एवं सेना प्रमुख समेत राजकीय संस्थाओं के विरूद्ध भड़काऊ राजनीतिक बयान दिया था। अदालती आदेश के अनुसार ऐसे बयानों से न्यायिक अनुशासन बाधित होता है। एवं न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। इस आदेश में कहा गया है कि पीटीआई संस्थापक की सुनवाई के दौरान मीडिया आरोपियों के बयानों पर नहीं, बल्कि अदालती कार्यवाही तक अपनी रिपोर्टिंग सीमित रखेगी।

### एनसीबी ने अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने छह माह से फरार एक अफ्रीकी नागरिक को नवी मुंबई इलाके से गिरफ्तार किया है। एनसीबी की टीम आरोपित के माध्यम से अब अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पता लगा रही है। एनसीबी, मुंबई के अतिरिक्त निदेशक अमित घावटे ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि अक्टूबर 2023 में एनसीबी को एक पार्सल के बारे में जानकारी मिली, जिसमें भारी मात्रा में उच्च मूल्य वाली ड्रग्स नीदरलैंड से मंगाई गई थीं। एनसीबी की टीम ने इसे 19 अक्टूबर, 2023 को विदेशी डाकघर, मुंबई से बरामद किया था। जब पार्सल को अनबॉक्स किया गया, तो उनमें खिलौने, क्रेयॉन, पेन आदि जैसी चीजें पाई गईं।

#### मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

# मोदी के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही: धामी

● हमारे लोग अपनी संस्कृति, विरासत के साथ अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं
● मेहनत और लगन से अपनी एक पहचान वहां बना ली है



**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को लाया गया है और आने वाले दिनों में यह कानून यह देश को भी रास्ता दिखाएगी। गुरुवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे उत्तराखंड के लोग देश दुनिया में जहां भी हैं उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी एक पहचान वहां बना ली है।" उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों जब इन्वेस्टर्स समिट के लिए देश विदेश के शहरों में गया तो देखा कि हमारे लोग अपनी संस्कृति, विरासत के साथ अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की टोपी जो यहां सब ने लगाई हुई है उसे प्रधानमंत्री मोदी भी धारण करते हैं और वे जब भी उत्तराखंड आते हैं तो इसे अवश्य ही लगाते हैं। जब मैं लंदन गया तो वहां बहुत सारे संस्कृतिक कार्यक्रम किये इन्हें, देखकर लग ही नहीं रहा था कि मैं इंग्लैंड में हूं।

उन्होंने कहा कि एक बार हमारे प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से यह शब्द निकले की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और आज यह साकार हो रहा है। विकास की दृष्टि से उत्तराखंड में चारधाम ऑल वेदर रोड बनी है तो बहुत जल्द देहरादून दिल्ली की दूरी बस ढाई घंटे में तय हो जाएगी।

चारधाम में पिछले साल 56 लाख लोगों ने यात्रा की। "अभी एक सप्ताह हुआ है यात्रा के लिए पंजीकरण खुला है और 15 लाख पंजीकरण हो चुके हैं।" उत्तराखंड से आज देश के तमाम शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा चल रही है।

# लखनऊ में भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे मुस्लिम : बुक्कल

**लखनऊ। एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और विधान परिषद सदस्य बुक्कल नवाब ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ में मुस्लिम वर्ग के मतदाता भाजपा को लोकसभा चुनाव में दो से तीन प्रतिशत मतदान करता था। बदले परिवेश में मुस्लिम भाजपा को पांच गुना मतदान करेंगे। उनका मानना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत के करीब मुस्लिम मत भाजपा को मिलेगा।

बुक्कल नवाब ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि लखनऊ में शिया मुस्लिम तो भाजपा को मतदान करते रहे हैं। इस बार सुन्नी मुस्लिम मतदाता भी कुछ मत करता हुआ दिखेगा। कालीचरण स्कूल के आगे हाता की ओर जो रास्ता आ रहा है, उधर सुन्नी बेल्ट है। वहां पता करिये तो समझ में आयेगा कि सुन्नी मतदाता भी भाजपा के साथ में खड़ा है। लखनऊ में भाजपा को मुस्लिम क्षेत्र में बढ़त पर उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र हुसैनाबाद में कई मुस्लिम घरों में उज्जवला गैस योजना के लाभार्थी है। भाजपा की सरकारों में लगायी गयी विकास नीति कोई बंटी हुई तो नहीं है। जो हिन्दू समाज के लिए है, वहीं विकास नीति मुस्लिम समाज के लिए है।

गैस सिलेन्डर हिन्दू के घर पहुंचें हैं तो हुसैनाबाद के मुस्लिम परिवार में भी पहुंचे। ऐसे में भाजपा की बढ़त तो होनी ही है। उन्होंने कहा कि शिया में मौलाना कल्बे जव्वाद और सुन्नी में पटानाला वाले मौलाना अब्दुल वहीद फारुकी जैसे धर्मगुरु हमारे साथ है। भाजपा के प्रत्याशी राजनाथ सिंह के बड़े हमदर्द है। भाजपा और राजनाथ सिंह को जीताने के लिए उनकी बड़ी भूमिका रहने वाली है। लखनऊ के मुस्लिम धर्मगुरु के अलावा कई सामाजिक संस्थाएं हैं, जो मुस्लिम लोगों के भलाई के लिए काम करती है।

## दुल्हन पक्ष के लोगों ने लालची दूल्हा और बारातियों को बनाया बंधक

**हरिद्वार। एजेंसी**

जनपद के भगवानपुर थाना में दूल्हे और बारातियों को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की मांग की थी। दूल्हे की इस मांग को लड़की वालों ने मानने से इंकार कर दिया। जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और लड़की वालों ने दूल्हे समेत पूरी बारात को बंधक बना लिया। दूल्हे के परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये देकर अपनी जान छुड़ाई।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक का रिश्ता भगवानपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती से हुआ था। 25 अप्रैल को वर पक्ष बारात लेकर दुल्हन के यहां पहुंचा। लड़की वालों की तरफ से दूल्हे को दहेज का सामान और उसकी पसंद की कार खरीदने के लिए करीब दस लाख रुपये नकद दिए गए थे, जिससे दूल्हे ने स्विफ्ट कार खरीदी थी। दूल्हे को दहेज में मिला कुछ सामान पसंद नहीं आया था, जिस पर दुल्हन के परिजनों ने वह सामान बदलकर दूसरा भेज दिया। इतना सब मिलने के बाद भी दूल्हे और उसके परिजनों की डिमांड खत्म नहीं हुई। 25 अप्रैल को शादी से पहले दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की और मांग कर दी, जिस पर दुल्हन के परिवार के लोगों को गुस्सा आ गया। उन्होंने जमीन देने से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जिसके चलते लड़की वालों ने शादी से इंकार कर दिया। बताते हैं कि लड़की के माता-पिता नहीं हैं। उसकी शादी उसके ताऊ कर रहे थे।

मामला इतना बढ़ा कि लड़की के घर वालों ने दूल्हे के पिता को कमरे में बंद कर दिया और बारात को बंधक बनाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया।

# सपा सरकार में था लूट का साम्राज्य : राजेन्द्र

**प्रयागराज। एजेंसी**



● नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत महाशक्ति : प्रवीण
● मोदी ने विपक्षियों को मुद्दा विहीन कर दिया है

फूलपुर लोकसभा 51 के अंतर्गत इलाहाबाद उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने पार्टी कार्यकताओं समर्थकों संग सघन जनसम्पर्क करते हुए जनता का समर्थन मांगा। भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि आज कम्पनी बाग में जनसम्पर्क करने के बाद वेणीमाधव, भारद्वाज, विश्वविद्यालय एवं शिवकुटी मंडल में भ्रमण एवं जनसम्पर्क किया।

इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि सपा सरकार में लूट का साम्राज्य था, अयोध्या में श्री राम मंदिर का विरोध किसने किया, सब जानते हैं। रामभक्तों पर गोलियां किसकी सरकार में चली, ये बताने की आवश्यकता नहीं।

वहीं कांग्रेस ने तुष्टिकरण राजनीति की पराकाष्ठा पार की। नरेंद्र मोदी ने विपक्षियों को मुद्दा विहीन कर दिया है, इसलिए विपक्षी बौखलाए हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने कहा कि उत्तरी विधानसभा में सबसे प्रबुद्ध वर्ग के लोग रहते हैं। यहां के वोटर्स का खासा प्रभाव होता है। आजादी के बाद सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है ये। आने वाले समय में भारत महाशक्ति के रूप में उभरने वाला है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही यह सम्भव होगा। मोदी को तभी नेतृत्व मिल सकता है जब मतदाता घरों से बाहर निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

नरेंद्र मोदी ने देश की सामाजिक राजनैतिक व्यवस्था में मातृशक्ति को वास्तविक सम्मान दिलाया है। इसलिए आने वाले समय में देश की राजनैतिक जिम्मेदारियों की कमान पुरुषों से अधिक महिलाओं के कंधों पर होगी। मातृ शक्ति के लिए अवसर है कि वे अपनी शक्ति का उपयोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए करें।

इस दौरान गोपाल बाबू, शशि वार्ष्णेय, अनिल भट्ट, अवनीश तिवारी, भोला सिंह, भरत निषाद, रोहित पांडेय, अनुज सिंह परिहार, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, नीलू शुक्ला, नीरज दीक्षित, प्रियंका पाराशर, लवलेश मिश्र, आनंद वैश्य सुदर्शन, सचिन जायसवाल, अजय राय, कंचन चंद्रा, उमेश मिश्रा, राघवेंद्र कुशवाहा, प्रेमलता गुप्ता, संदीप यादव, लोकेश मुखर्जी, अरुण सिंह पटेल, गणेश वर्मा, ज्ञानेंद्र गुप्ता, विनीता गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## दस साल से भाजपा के पास सत्ता, जनता को दें अपने काम का हिसाब: कांग्रेस

**शिमला। एजेंसी**

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि देश में दस साल से सत्ता भाजपा के पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनको अपने दस साल की सरकार के काम काज का हिसाब जनता को देना चाहिए। चौहान ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता से जो वायदे किए थे, जो सपने दिखाए, वह कितने पूरे किए हैं, इसका हिसाब जनता को देना चाहिए।

आज दस साल बाद फिर जनता के पास जा रहे हैं, तो बताना चाहिए कि भाजपा ने घोषणा पत्र के अनुसार कितने वायदे पूरे किए हैं। नरेश चौहान ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भाजपा के सभी वायदे जुमले ही साबित हुए हैं। वोट के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने कहा कि सरकार बनने के बाद 15 लाख रुपए हर आदमी के खाते में आएंगे, जब सत्ता में बैठे तो कहने लगे कि यह चुनावी जुमला था। इसी तरह युवाओं को ठगने का काम भाजपा ने किया है। चुनावों के समय वायदा किया कि हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के वायदे के अनुसार दस वर्ष में देश के 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए था, जो नहीं मिला। जिससे अब कोई भी भाजपा नेता युवाओं को रोजगार देने की बात नहीं करता है। भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करनी, विकास करने, स्मार्ट सिटी बनाने, महंगाई कम करने आदि वायदे किए थे, जो पूरी नहीं हुए।

# भारतीय उच्चायोग पर हमले के प्रमुख आरोपित को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**लंदन। एजेंसी**



● भारतीय उच्चायोग पर बीते साल 19 मार्च 2023 को खालिस्तान समर्थक तत्वों ने हमला बोल दिया था

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को ब्रिटेन में 2023 में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मुख्य आरोपित इंदरपाल सिंह गाबा को गिरफ्तार कर लिया है। गाबा साल 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित मामले में आरोपित था।

एनआईए के अनुसार ब्रिटेन के हाउनस्लो निवासी इंदरपाल सिंह गाबा को 19 और 22 मार्च 2023 को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला है कि 19 मार्च और 22 मार्च 2023 को लंदन में हुई घटनाएं एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं जिसमें भारतीय दूतावासों और उसके अधिकारियों पर गंभीर हमला करने की योजना थी। मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ की गई पंजाब पुलिस की कार्रवाई की प्रतिक्रिया में था।

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर बीते साल 19 मार्च 2023 को खालिस्तान समर्थक तत्वों ने हमला बोल दिया था। उस दिन खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन से जुड़ा एक प्रदर्शन उच्चायोग के सामने रखा गया था। प्रदर्शन के दौरान लगभग 50 अलगाववादी उच्चायोग परिसर के अंदर घुस गए थे। खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों ने भारतीय ध्वज को नीचे खींच लिया था और उच्चायोग की बिल्डिंग में तोड़फोड़ की थी। हमले में अधिकारियों को भी चोट आई थी। अप्रैल में भारत के गृह मंत्रालय की ब्रिटेन के गृह विभाग के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद एनआईए ने मामले की जांच दिल्ली पुलिस से अपने हाथ में ले ली। जांच के लिए एनआईए की टीम ब्रिटेन पहुंची थी, जहां उसने प्रदर्शन और हिंसक हमले से जुड़े वीडियो हासिल किए थे।

### महिला की हत्या में दो को आजीवन कारावास

**झुंझुनू।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण कोर्ट ने शुक्रवार को एक महिला की हत्या के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। हत्या में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया। डाबड़ीधीर सिंह निवासी मानसिंह व सुरेश कुमार को दोषी माना है। वहीं खीचड़ों का बास तन बाजला निवासी संदीप कुमार पुत्र नंदलाल को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। डाबड़ी धीरसिंह निवासी गुरुदयाल पुत्र चेतराम ने मलसीसर थाने में 17 अगस्त 2021 को एक रिपोर्ट दी कि 16 अगस्त 2021 की रात्रि वह तथा उसकी पत्नी अपने घर पर सोये हुए थे। उसी दौरान मान सिंह, सुरेश सिंह व दो-तीन अन्य व्यक्ति बोलेरो लेकर आए उसके घर में घुस कर जाति सूचक शब्द से अपमानित कर घसीटकर मारपीट करते हुए कमरे से बाहर ले आए। बीच बचाव करने आई कमला देवी, भाई सुमेर व नरेंद्र को जान से मारने की नीयत से बोलेरो टक्कर मार दी। इलाज के दौरान कमला देवी की मौत हो गई। पुलिस ने मानसिंह, सुरेश व संदीप कुमार के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास में न्यायालय में चालान पेश कर दिया।

# महिलाओं को मई माह में मिलेगें तीन हजार रुपए : राजीव

**कुल्लू। एजेंसी**



● यूपीए सरकार ने मनरेगा दिया, आधार कार्ड को शुरू किया है, पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा बौखलाहट में है

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि प्रदेश की 58 हजार महिलाओं को मई माह में दो महीने की तीन-तीन हजार की सुरक्षा पेंशन मिलेगी। किमटा यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की सभी महिलाओं को यह सुरक्षा पेंशन शुरू की थी,लेकिन भाजपा और नेता प्रतिपक्ष ने इलेक्शन कमीशन के पास शिकायत की और इलेक्शन कमीशन ने इस पर रोक लगा दी। लेकिन बाद में कांग्रेस पार्टी व सरकार ने इलेक्शन कमीशन के पास गई और गुहार लगाई कि जिन महिलाओं ने आचार संहिता से पहले फार्म भरे हैं उन्हें यह राशि बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन ने सरकार को यह अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि 58 हजार महिलाओं ने आचार संहिता से पहले फार्म भरे हैं उन्हें दो महीनों के एक साथ तीन-तीन हजार मई माह में मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि मोदी ने दस साल पहले गारंटी दी थी जो एक भी पूरी नहीं हुई। देश की सुरक्षा की बात कही थी। इस कार्यकाल में 40 ब्लास्ट हुए। घटने के बजाए घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पेंशन की बात कही थी जो आज तक नहीं मिली बल्कि सुरक्षा को कमजोर करने व युवाओं के जीवन के साथ खिलबाड़ के लिए अग्निवीर योजना शुरू की।

उन्होंने कहा था कि किसानों की आय दुगनी की जाएगी लेकिन किसान बागबानों के बीज,खाद व दवाइयों की सब्सिडी बंद कर दी जिस कारण किसान भी किसानी लगातार छोड़ रहे हैं और हर दिन 2000 किसान किसानी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 150 लाख करोड़ कर्ज लिया है, जो आजादी के बाद सबसे अधिक है और यह कर्ज अपनी मित्र मंडली अदानी-अडानी में वितरित किया है। उन्होंने कहा बेरोजगारी 8.5 प्रतिशत हो गई है। यूपीए सरकार ने मनरेगा दिया,आधार कार्ड को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा बौखलाहट में है।

उन्होंने कहा कि आपदा में कंगना कहां थी अब कंगना को यहां की जनता याद आ रही है। कांग्रेस ने अपनी दस गारंटियों में से कांग्रेस सरकार ने पांच गारंटियां शुरू कर दी है। किसानों की सुविधा के लिए यूनिवर्सल कार्टन लेकर आई है। जिसमें 20 किलो सेब आएगा।

# ईंट भट्ठे में लोगों को जिन्दा जलाने के दोषी पूर्व मंत्री आफताब आलम को आजीवन कारावास

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री रहे आफताब आलम को रौतहट जिला अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के 16 साल बाद सजा की घोषणा हुई है। रौतहट जिले के बाहुबली नेता और नेपाल सरकार में श्रम मंत्री रहे आफताब आलम को पहले संविधान सभा चुनाव के दौरान कई लोगों को जिन्दा भट्ठी में झोंकने के मामले में दोषी पाया गया है। साल 2008 में हुए पहले संविधान सभा के दौरान रौतहट से नेपाली कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे आलम ने बूथ कब्जा कर चुनाव जीतने के लिए सीमावर्ती बिहार के कुछ अपराधियों को बुलाकर उनसे बम बनवा रहा था।

बम बनाने के दौरान उसके घर में धमाका हो गया और बम बनाने वाले सभी बुरी तरह घायल हो गए। घटना को छिपाने के लिए सभी घायलों का इलाज कराने की बजाय उन सभी को अपने ईंट भट्ठे में ले जाकर जिन्दा झोंक कर उनकी हत्या कर दी थी। मरने वालों में दो ही नेपाली नागरिक थे। बाकी सभी बिहार के रहने वाले थे। लापता नेपाली लोगों के घर वालों की शिकायत के बाद पुलिस ने घटना के 12 साल के बाद आफताब आलम को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वह लगातार जेल में है। आलम की गिरफ्तारी के चार साल सुनवाई के बाद जिला अदालत से मामले का फैसला आया है। रौतहट जिला के न्यायाधीश मातृका प्रसाद आचार्य ने इस मामले में आफताब आलम समेत चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में आफताब आलम का भाई महताब आलम, शेख सराज और बद्री सहनी है।

## एक नजर

### केंद्रीय कारा में प्रशासन का औचक निरीक्षण



**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार 7 दंडाधिकारी एवं 100 पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 एवं विधि व्यवस्था संधारण के बाबत जिला प्रशासन निरंतर कारवाई कर रही है। आज जिला प्रशासन की टीम देर शाम 6.30 बजे केंद्रीय कारा के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत सदर एसडीओ शैलेश कुमार ने बताया कि औचक निरीक्षण के क्रम में 07 दंडाधिकारी एवं लगभग 100 पुलिस बल कारवाई के दौरान मौजूद रहे। यह निरीक्षण लगभग 2 घंटे तक चली। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, रिकॉर्ड पंजी, कैंटीन, बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नियमित अंतराल में जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर पहलुओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया की इस निरीक्षण की कारवाई के दौरान कोई भी अतिगंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### निवर्तमान बीडीओ मेडिकल लीव पर, नए बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण



**गिद्दी।** डाडी प्रखंड की बीडीओ अनु प्रिया मेडिकल लीव पर चली गई हैं।निवर्तमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रीमती अनु प्रिया के मेडिकल लीव में चले जाने के कारण उनके स्थान पर तत्काल सुशांत कुमार मुखर्जी द्वारा नए बीडीओ के रूप में पद प्रभार ग्रहण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के विकास संबंधी कार्यों को बढ़ाते हुए और तेजी लायी जाएगी। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, अजित तिवारी सहित प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी मौजूद थे।

### जयप्रकाश को भाजपा से हुआ मोह भंग, निर्दलीय चुनाव लड़ना लगभग तय

**चतरा।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह उड़ीसा प्रभारी जयप्रकाश सिंह भोक्ता का भाजपा से मोह भंग हो गया है। इसका अंदाजा पार्टी प्रतयाशी कालीचरण सिंह के नामांकन में शामिल नही होने से भी लगाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो लोकसभा में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर वे बगावत पर उतारू हो गए हैं। उन्होंने चतरा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया है। बताया जाता है कि शुभ मुहूर्त को देखकर एक मई के बाद कभी भी नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बताते चलें की 2009-2014 में सिमरिया विधानसभा के विधायक रहे। जबकि 2014-2019 में चतरा से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। यहां तक की जयप्रकाश सिंह भोक्ता को लोकसभा चुनाव के लिए सिमरिया विधानसभा का प्रभारी भी बनाया गया है। परंतु श्री भोक्ता को लोकसभा टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से नाराज हैं। निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा पर भाजपा सहित महागठबंधन प्रत्याशियों के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। वह दूसरी ओर राजद व कांग्रेस की रार भी जमीन पर आ चुकी है। जिससे महागठबंधन प्रत्याशी को भीतर घात का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी और राजपूत समाज से किसी भी पार्टी के द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर समाज के लोग खासे नाराज चल रहे हैं। पूर्व सांसद नागमणि, गिरी नाथ सिंह, अरुण सिंह सहित अन्य कई नेता भी बगावत पर उतारू हो चुके हैं। सभी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में आने की घोषणा कर चुके हैं। जिससे चतरा लोकसभा चुनाव का रोचक होने के आसार हैं। अब देखना है कुशवाहा कोयरी, यादव, राजपूत व अल्पसंख्यक मतदाता किधर का रुख करते हैं।

### सेतु एवं जीआरपी सदस्यों के साथ बीपीएम ने की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस के बीएमएमयू ऑफिस में शुक्रवार को सेतु एवं जीआरपी महिला सदस्यों के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने बैठक किया।जिसमें महीने भर के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधितों को कई दिशा निर्देश दिए।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

# कोई भी मतदाता ना छूटे,प्रशासन कर रहा तैयारी

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होने वाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की।प्रेस वार्ता के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य



उपस्थित थे। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, हजारीबाग होंगी। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी। निर्वाचन संबंधित तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल छे चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं एवं सभी चेक नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं फ्लाइंग स्क्वायड दलों के माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियो के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य 20 अप्रैल 2024 को पूर्ण कर लिया गया है वहीं निर्वाचन के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जानकारी दी की लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र तथा विशेष थीम यथा रामगढ़ की विशेषता, संस्कृति, सोहराय चित्रकला आदि से संबंधित 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता ना छूटे इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## सारथी आपके साथ संस्था ने नि:शुल्क मतदाता जागरूक अभियान चलाया

संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सारथी आपके साथ(सोसल एक्शन फॉर रूरल एंड ट्राइबल इनीशिएटक) लोवाडीह नामकुम रांची एनजीओ संस्था के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी अमित भगत प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी के साथ शिक्षक विभाग वन के सभी प्रधानाध्यापक एवं काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

इस मतदाता जागरूकता अभियान में एनजीओ सारथी आपके साथ के सदस्यों के द्वारा नाट्य रूपांतरण एवं अन्य संसाधनों के द्वारा मतदाता को जागरूक किया गया और बताया कि मतदान करना क्यों आवश्यक है तथा उपस्थित लोगों ने मतदान करने और जिन्हें अभाव की जानकारी है वैसे मतदाता की



जागरुक करने का संकल्प लिया। संस्था सारथी आपके साथ की सदस्य अध्यक्ष इंद्रानी रॉय,सचिव अनीता बा,उपाध्यक्ष कल्पना सिंह,कोषाध्यक्ष प्रतिमा प्रिया, ऋतुराज प्रिया,रितु राज,सुष्मिता बैरागी एवं नीलम ने बताया कि अभी देश में चुनाव का पर्व चल रहा है जिसमें सभी को हिस्सा लेना है एवं मतदान करना है और हमारी संस्था ने जब से चुनाव का बिगुल फुकाया है तब से हम लोग झारखंड के सभी प्रखंड परिसर पंचायत एवं चौक चौराहा में नाट्य रूपांतरण एवं अन्य संसाधनों के द्वारा लोगों को निशुल्क जागरुक कर रहे हैं और चुनाव तक निशुल्क जागरूकता अभियान चलाएंगे लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार या अन्य संस्था से किसी भी तरह का कोई शुल्क हम लोगों ने नहीं लिया। बताते चले कि संस्था के द्वारा चलाए जा रहे हैं इस अभियान का नाट्य रूपांतरण देख लोगों लोगों में काफी उत्साह में नजर आ रहे थे तथा उपस्थित लोगों ने नाट्य रूपांतरण देख संस्था के लोगों को काफी सरहाना किया।

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## कहा नमांकन के पहले दिन 02 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र

संवाददाता

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें उपायुक्त ने चुनाव संबधी जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार आज से नामांकन प्रक्रिया जारी है जो 03 मई 2024 तक सुबह 11 बजे से 03 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वहीं उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से समाहरणालय के 100 मीटर के दायरे में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैयनाती की गई है। नामांकन के दौरान उम्मीदवार के साथ चार लोग को ही निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में आने की अनुमति है। आगे बताया



कि पहले दिन 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फॉर्म लिए गए। जिसमें पहले दिन भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह, पिता बैजनाथ सिहं वं निर्दलीय अभिषेक कुमार सिंह, पिता राकेश कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। उन्होंने आगे बताया कि 27 अप्रैल एवं 28 अप्रैल को एनआईए एक्ट के तहत अवकाश होने के कारण नोमिनेशन फाईल नहीं किया जाएगा। उसके बाद 3 मई तक नामांकन होगा व 04 मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी एवं 06 मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। उसके बाद चुनारव चिन्ह का आंवटन किया जाएगा। वहीं 20 मई को मतदान दिवस है एवं 04 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। 04 चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 85 हजार 462 है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, पवन कुमार अरविन्द कुमार, एसडीओ सिमरिया सन्नी राजा सुरेन्द्र उरांव, एसडीपीओ चतरा, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

## 18 वर्षों से फरार एक अभियुक्त कुज्जू थाना के फैक्ट्री में काम करते हुए पकड़ा गया

- कांड संख्या 29 /2006 का अभियुक्त था।
- धारा 147/ 148 /323/ 337/ 427/ 504/ एवं gr 1405/06 का अभियुक्त था
- वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला मे पड़ने वाले संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष स्वतंत्र एवं भय मुक्त चुनाव को लेकर पुलिस आरक्षी अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के नेतृत्व में लगातार छापामारी अभियान फरार वारंटी, नशीले पदार्थ के तस्करी में लिफ्ट माफियाओं एवं अवैध कार्यों में लिफ्ट लोगों के खिलाफ टीम गठित कर छापामारी अभियान जारी रखे हुए हैं। शुक्रवार को पुलिस आरक्षी अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 2006 से फरार एक वारंटी कुज्जू थाना के स्थानीय फैक्ट्री में काम कर रहा है। मांडू थाना कांड संख्या 29 /06, फरार वारंटी का नाम प्रदीप साव, पिता स्वर्गीय दिनेश्वर साहू, ग्राम बड़गांव ओपी वेस्ट बोकारो



क्षेत्र का रहने वाला कुज्जू थाना के फैक्ट्री में काम कर रहा है। इसे पकड़ने को लेकर गोपनीय ढंग से वेस्ट बोकारो के ओपी प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर उसे फैक्ट्री में भेजा गया जिसमें वह काम कर रहा था और उसे गिरफ्तार कर वेस्ट बोकारो ओपी गया। फरार इस प्रदीप साहू के ऊपर धारा 147/ 148/ 323/ 337/ 427/ 504 / एवं gr 1405/06/ को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेजा गया। छापामारी दल में वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, संजय बेदिया एवं पुलिस बल की टीम थी। फरार अभियुक्त संजय साव के खिलाफ 2006 में टाटा के सिक्योरिटी इंस्पेक्टर ने थाना में मामला दर्ज कराया था, क्योंकि इस पर आरोप था कि साइडिंग को बंद करने में यह भी शामिल था।

### नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने चतरा से किया निर्दलीय नामांकन

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार सिंह (एमडी एम्स नई दिल्ली ) शुक्रवार को अपना नामांकन समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप के समक्ष दाखिल किया। इससे पूर्व चतरा जिला मुख्यालय स्थित जतराहीबाग होटल सेलिब्रेसन इन से फांसी तालाब तक रोड़ शो किया गया। इसके उपरांत डॉ. सिंह ने नामांकन का प्रपत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दाखील किया। वहीं नामांकन के उपरांत डॉ. सिंह ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का यह चुनाव चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता के आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है। चतरा लोकसभा की जनता को शिक्षित व कर्मठ सांसद चाहीए और जनता ने तय कर लिया है। मैं पिछले दो वर्ष से चतरा, पांकी, लातेहार, मनिका व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने को लेकर कार्य करते हुए ।

### बाबूलाल मरांडी ने कहा हर हाल में करेगी 400 पार, जनता भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाएगी



संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के शुक्रवार के नामांकन कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी शामिल हुवे। इस दौरान पार्टी के दोनों नेताओं ने महागठबंधन और झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हर हाल में 400 सीटें मिलेंगी। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार के संरक्षण में खुलेआम बालू, पत्थर और कोयले की लूट हो रही है। यहां तक कि उपरोक्त मामले में सरकार के इस रवैये को देखते हुए हाई कोर्ट ने फटकार लगाई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की आलोचना करते हुए उन्हें वंशवादी राजनीति का आदर्श उदाहरण बताते हुए कहा कि राज्य की जनता महागठबंधन और कल्पना सोरेन को हराकर करारा जवाब देगी। भाजपा प्रत्याशी प्रदेश के नेताओं संग फूलों से सजे वाहन में सवार होकर रोड शो करने के उपरांत समाहरणालय स्थित कार्यालयाय में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारिबके समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उसके बाद बाबा घाट मैदान में आयोजित जन सभा में शामिल हो देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए बीजेपी को वोट करने की अपील की।

## चुनाव जीतकर सदन में आवाज बुलंद करने का काम करूंगा: राजकुमार

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत डेमोटांड़, मोरांगी आदि गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है माटी की पार्टी है झारखंड के हक अधिकार की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर होकर संघर्ष करती रही है। इस पार्टी से हजारीबाग लोकसभा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव में खड़ा हूं और आप सभी के समर्थन



और आशीर्वाद के लिए आप सभी के बीच में आया हूं आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद से लोकसभा का चुनाव जीतकर सदन में आपकी आवाज बुलंद करने का काम करूंगा।इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जध समस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निदान का भरोसा जताया। झारखंड की दयनीय स्थिति के बारे में पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे शिक्षित बेरोजगार युवा साथियों के दर्द को समझना है तो उनके डिग्रियां देख लीजिए जो अपनी डिग्रियां लिए दर दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं। पलायन की समस्या को समझना है तो बिष्णुगढ़ जैसे सुदुरवर्ती क्षेत्र में पलायन की समस्यायों को देख लीजिए। बड़कागांव और केरेडारी के रैयतों के विस्थापितों की समस्यायों को याद कर लीजिए। कहा कि हजारीबाग का पूरा लोकसभा क्षेत्र ऐसी ही जन समस्याओं से ग्रस्त है। चारों ओर त्राहिमाम मचा हुआ है। जनता सब देख और समझ रही है और अपने वोट के चोट से सबक सिखाने का काम करेगी। कहा कि हम सभी को मिलजुल कर सामना करना है और पूरी एक जुटता और समझदारी का परिचय देते हुए अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करना है ताकि हमारे क्षेत्र की जन समस्याओं और बेरोजगार युवाओं को दर-दर की ठोकरें खानी नहीं पड़े। कहा कि जब हमारे युवा साथियों को स्थानीय तौर पर रोजगार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी तो पलायन की समस्या का जड़ से खात्मा हो जाएगा। सभी को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिल सकेगा। कहा कि हमारा लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है हमें इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है निश्चित तौर पर जब कोई क्षेत्रीय पार्टी से चुनाव जीत कर आएगा।

## जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क, मिल रहा है अभूतपूर्व जनसर्थन

संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव के पतरातु प्रखंड के 20 क्षेत्रों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर इंडिया गठबंधन और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। इस दौरान हरेक गांवों में प्रचंड गर्मी, शादी- विवाह का लग्न और महुआ चुनने का सीजन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से अनवरत बिना रुके, बिना थके, प्रचंड गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी उच्च ऊर्जा और उत्साह ने लोगों को

प्रेरित किया और उनका साथ दिया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने जनसभाएं आयोजित की और लोगों से अपनी योजनाएं और उद्देश्यों को साझा किया। पटेल ने अपने भविष्य की योजना को लेकर लोगों को आश्वस्त किया और उन्हें विकास, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में ले जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भी दावा किया और लोगों से साथ मिलकर नए भारत की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वाहन किया। इस जनसंपर्क अभियान के जरिए पटेल ने लोगों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने की कोशिश की और उनके विचारों को महत्व दिया। वे लोगों के मंहगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहे।

इस जनसंपर्क के दौरान पटेल ने लोगों के साथ गहरा संवाद किया और उनकी जरूरतों को सुना। उन्होंने लोगों की आवाज को संवैधानिक प्रक्रिया में शामिल करने का भी आश्वासन दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999